* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 211

23 मई को एनएबी के सामने पेश होंगे इमरान खान, अल कादिर ट्रस्ट केस में पूछताछ होगी









# झारखंड का आतंक दिनेश गोप धराया

■ 30 लाख का इनामी है पीएलएफआइ सुप्रीमो | ■ एनआइए की टीम ने नेपाल में किया गिरफ्तार | ■ दिल्ली के रास्ते रांची लाकर हो रही पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के सरगना दिनेश गोप को गिरफ्तार कर लिया गया है। नेपाल में एनआइए की टीम द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे दिल्ली के रास्ते रविवार शाम रांची लाया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। दिनेश गोप को झारखंड का आतंक कहा जाता है और उस पर झारखंड सरकार द्वारा 25 लाख रुपये और एनआइए द्वारा पांच लाख का इनाम रखा गया था। दिनेश गोप राजधानी रांची, खूंटी, चाइबासा, सिमडेगा, गुमला सहित झारखंड के कई जिलों में सक्रिय था। राज्य में उसके खिलाफ डेढ़ सौ से अधिक मामले दर्ज हैं।

**कई बार घिरने के बावजूद बचता रहा दिनेश गोप :** दिनेश गोप को पकड़ने में झारखंड पुलिस नाकाम रही थी। वह कई बार सुरक्षा बलों के घेरे में फंसा, लेकिन हर बार बच निकलने में कामयाब रहा। वह कई बार मुठभेड़ में घिरा भी, लेकिन भाग निकला।

**खूंटी के लापा मोरहाटोली का रहने वाला है दिनेश गोप :** झारखंड की राजधानी रांची से सटे खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में स्थित एक गांव है लापा मोरहाटोली। दिनेश गोप मूल रूप से इसी गांव का रहने वाला है। ठेकेदारों में आतंक मचाने और उनसे वसूली के लिए उसके दस्ते के सदस्य निर्माण स्थलों पर हमले करते थे। निर्माण कार्य में लगी जेसीबी और अन्य मशीनों को फूंक दिया करते थे। साइट पर काम करने वाले मुंशी और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी करते थे। पर्चा छोड़ कर लेवी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी देते थे।



## नेपाल में सरदार के वेश में रह रहा था दिनेश गोप



हाल के दिनों में इस खूंखार नक्सली को पकड़ने के लिए एनआइए ने अपने सभी चैनल खोल दिये थे। जानकारी के अनुसार एनआइए की टीम को सूचना मिली थी कि दिनेश गोप सरदार के वेश में नेपाल में रह रहा है। सूचना के बाद एनआइए की टीम नेपाल पहुंची और दिनेश गोप की गतिविधियों की टोह लेने लगी। शनिवार देर शाम उसे दबोचा गया और रविवार को दिल्ली आनेवाली उड़ान से उसे भारत ले आया गया। दिल्ली से उसे विमान से ही रांची लाया गया। शाम साढ़े पांच बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बाहर लाया गया। इसके बाद उसे किसी अज्ञात जगह पर ले जाया गया।

**टेरर फंडिंग समेत कई संगीन आरोप :** दिनेश गोप पर कई संगीन आरोप हैं। सुरक्षा बलों पर हमला करने के अलावा उस पर लेवी वसूलने, लेवी के लिए ठेकेदारों-व्यापारियों को धमकी देने और उन्हें डराने-धमकाने के भी आरोप हैं। इतना ही नहीं, दिनेश गोप पर टेरर फंडिंग के भी आरोप हैं। टेरर फंडिंग मामले में ही एनआइए ने उसके खिलाफ जांच शुरू की थी। वर्ष 2020 में ही एनआइए ने दिनेश गोप की दोनों पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। ये दोनों अब भी जेल में हैं। दिनेश गोप और उसके रिश्तेदारों की दर्जनों संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है। गत 12 मई को दिनेश गोप के माता-पिता से खूंटी पुलिस ने मुलाकात कर अपील की थी कि वे दिनेश गोप को सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें। दिनेश गोप की मां ने पुलिस अधिकारी को बताया था कि कई सालों से उनकी दिनेश गोप से बातचीत नहीं हुई है और न ही वह घर आया है।

**जेएलटी नाम से बनाया पहला गिरोह :** दिनेश गोप ने सबसे पहले अपने नाम से अपराधिक गिरोह बनाया। इसके बाद उसने अपने संगठन का नाम जेएलटी रखा। जेएलटी पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगा दिये जाने के बाद फिर उसने संगठन का नाम पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया रख दिया। इस संगठन पर भी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया। उसके बाद उसने पीएलएफआइ नाम से संगठन बनाया।

## 20 साल तक आतंक मचाता रहा दिनेश गोप

लगभग 20 साल तक झारखंड के विभिन्न जिलों के लोग दिनेश गोप के खौफ के साये में रहे। इलाके के ग्रामीण इलाको में रहने वाले व्यवसायी गांव छोड़कर शहरों में बसने को मजबूर हो गये थे। वर्ष 2003 में शुरू हुआ दिनेश गोप का आतंक अब भी जारी था, हालांकि पिछले कुछ दिनों से वह कमजोर हो गया था।

## हथियार की फैक्ट्री का करता था संचालन

अवैध हथियार की फैक्ट्री का भी संचालन दिनेश गोप करता था। महाबुआंग के घनघोर जंगलों के बीच में दिनेश गोप के ऐशो-आराम के सभी साधन मौजूद थे। हथियार बनाने की फैक्ट्री भी थी। साइलेंट जेनरेटर भी लगा हुआ था। सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई में फैक्ट्री को नष्ट कर दिया गया था। उसके बाद से दिनेश गोप अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करने लगा। उसने अपने गुर्गों को भी एके-47 से लैस कर रखा था।

## तीन स्तरीय सुरक्षा में रहता था दिनेश

दिनेश गोप हमेशा अपने गुर्गों की सुरक्षा में रहता था। उसने अपने लिए बाकायदा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया था। उसकी सुरक्षा में 40 से अधिक गुर्गे हमेशा तैनात रहते थे। सभी के पास अत्याधुनिक हथियार होते थे।

(पेज 03 भी देखें)

स्टेट बैंक ने जारी किया आदेश

# दो हजार का नोट बदलने के लिए फॉर्म या पहचान पत्र जरूरी नहीं



## एक बार में अधिकतम 10 नोट बदलवा सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने रविवार को बताया है कि ग्राहक दो हजार के नोट बिना कोई पहचान पत्र दिखाये और फॉर्म भरे ही बैंक की विभिन्न शाखाओं से बदलवा सकेंगे। एसबीआइ ने कहा है कि 20 हजार की कीमत तक के नोट बिना आइडी प्रूफ के बदलवाये जा सकेंगे। बता दें कि एसबीआइ का यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर चल रहीं उन अफवाहों के बाद सामने आया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि दो हजार के नोट बदलवाने के लिए आइडी प्रूफ या आधार कार्ड दिखाने के साथ ही एक फॉर्म भी भरना होगा।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को ऐलान किया था कि दो हजार के करेंसी नोट चलन से बाहर होंगे। हालांकि नोटों को बदलने के लिए रिजर्व बैंक ने 30 सितंबर तक का वक्त दिया है। इस दौरान लोग बैंकों में जाकर अपने दो हजार के नोट अन्य करेंसी नोट से बदल सकते हैं। अब स्टेट बैंक ने अपने सभी स्थानीय हेड ऑफिस के चीफ जनरल मैनेजरों को भेजी जानकारी में बताया है कि 20 हजार तक की कीमत के दो हजार के नोट बिना किसी आइडी प्रूफ और मांग पर्ची के बदले जा सकेंगे। बैंक ने कहा है कि अपने ही खाते में दो हजार के नोट जमा करने की रिजर्व बैंक ने कोई सीमा तय नहीं की है, लेकिन यह ग्राहकों को केवाइसी और अन्य वैधानिक नियमों पर निर्भर करेगा। 20 मई को भेजी जानकारी में एसबीआइ ने कहा है कि दो हजार के नोट बदलवाने के लिए किसी आइडी प्रूफ की भी जरूरत नहीं होगी। बैंक ने अपने अधिकारियों से कहा है कि वे जनता के साथ सहयोग करें, ताकि दो हजार के नोट बदलने की पूरी प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के और आसानी से पूरी हो सके। नोट बदलने की प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी, लेकिन कुछ लोग शनिवार को ही बैंक पहुंच गये। एसबीआइ ने बताया कि ऐसे लोगों को समझा कर वापस भेजा गया। कुछ ग्राहकों ने दो हजार के नोट बैंक में जमा करने के लिए डिपॉजिट मशीन का भी इस्तेमाल किया। कुछ लोगों ने खरीदारी कर दो हजार के नोट खर्च करने की कोशिश की, लेकिन रिजर्व बैंक के नोटिफिकेशन के बाद बाजार में भी लोग दो हजार के नोट लेने में हिचक रहे हैं।

## केजरीवाल को मिला नीतीश कुमार का साथ

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक बार फिर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिले। एक महीने में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले 12 अप्रैल को दोनों मिले थे। नीतीश के साथ बिहार के डिप्टी सीएम और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी भी थे। नीतीश ने अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र के अध्यादेश को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि एक चुनी हुई सरकार को दी गयी शक्तियां कैसे छीनी जा सकती हैं। यह संविधान के खिलाफ है। हम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। हम देश के सभी विपक्षी दलों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस अध्यादेश को कानून बनाने के लिए राज्यसभा में लाती है, तो विपक्ष हमारा साथ दे। विपक्ष एक साथ होगा, तो 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा खत्म हो जायेगी। उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश के विरोध में वह देशभर की विपक्षी पार्टियों से मिलकर समर्थन मांगेंगे। 23 मई को वह कोलकाता में ममता बनर्जी से मिलेंगे। 24 मई को मुंबई में उद्धव ठाकरे और 25 मई को मुंबई में ही शरद पवार से मिलेंगे।

# झारखंड के वीर शहीदों के सम्मान के लिए काम करेगी सरकार: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमेत सोरेन रविवार को झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर रांची के नामकोम (लोवाडीह) स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी और विधायक सीता सोरेन सहित अन्य लोगों ने दुर्गा सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री ने वहां मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज झारखंड आंदोलन के अगुवा और वीर माटी पुत्र बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि है। हम सभी लोग आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। शहीदों के सम्मान के लिए हमारी सरकार राज्य के विभिन्न शहीद स्मारकों को भव्यता प्रदान करने का कार्य कर रही है। वर्षों से वीर शहीदों को हम सभी लोग मान-सम्मान देते रहे हैं। आगे भी एक बेहतर कार्य योजना के तहत राज्य के वीर शहीदों के सम्मान के लिए हमारी सरकार कार्य करेगी।






**मेजबानी :** सूर्यास्त के बाद स्वागत नहीं करने की परंपरा तोड़ी

# मोदी का ऐतिहासिक सम्मान, पापुआ न्यू गिनी के पीएम ने छुए पैर

एजेंसी

**पापुआ न्यू गिनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान में 'ग्रुप ऑफ सेवन' (जी-7) देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद तीन देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण के तहत रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंच गये। पीएम मोदी का वहां जबरदस्त स्वागत हुआ। विमान से उतरते ही मेजबान देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने पीएम मोदी के पैर छुए। पीएम मोदी का यह स्वागत इसलिए भी खास है, क्योंकि पापुआ न्यू गिनी में कभी भी रात के समय किसी भी देश के नेता का स्वागत नहीं किया जाता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए यह रिवाज बदल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान जब पापुआ न्यू गिनी एयरपोर्ट पहुंचा, तब वहां पर रात का समय था। एयरपोर्ट पर ही जेम्स मारापे पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए तैयार खड़े थे। उनके साथ कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सबसे पहले पीएम मोदी और मारापे एक-दूसरे के गले मिले। इसके बाद दोनों ने हाथ मिलाये। इसी दौरान मारापे ने पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश की। उन्होंने झुक कर पीएम मोदी के पैर छुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी थोड़ा पीछे हटते भी नजर आये और फिर मारापे की पीठ पर थपकी दी। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री द्वारा पीएम मोदी का भव्य स्वागत किये जाने का एक वीडियो वायरल हो गया है। बता दें कि यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा है। मोदी और मारापे सोमवार को एफआइपीआईसी के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। मोदी ने पूर्व में कहा था कि मैं आभारी हूं कि सभी 14 प्रशांत द्वीप देशों (पीआइसी) ने इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन (एफआइपीआइसी) में भाग लेने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। एफआइपीआइसी का गठन 2014 में प्रधानमंत्री मोदी की फिजी यात्रा के दौरान किया गया था। एफआइपीआइसी शिखर सम्मेलन में 14 देशों के नेता भाग लेंगे। आम तौर पर कनेक्टिविटी और अन्य मुद्दों के कारण ये सभी शायद ही कभी एक साथ मिलते हैं। पीआइसी में कुक आइलैंड्स, फिजी, किरिबाती, मार्शल आइलैंड्स, माइक्रोनेशिया, नाउरू, नीयू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, समोआ, सोलोमन आइलैंड्स, टोंगा, तुवालु और वानुआतु शामिल हैं।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,000 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## केजरीवाल, नवीन पटनायक, केसीआर, जगनमोहन रेड्डी और पी विजयन जैसे नेताओं की उपेक्षा से पूरी मुहिम को लग सकता है झटका

# विपक्षी एकता का खेल बिगाड़ गयी कांग्रेस की 'न्योता राजनीति'

## ■ कांग्रेस के बुलावे पर न ममता आयीं, न मायावती और न अखिलेश

## ■ शपथ ग्रहण समारोह में कई अन्य नेताओं को नहीं बुलाना पड़ेगा भारी

आजाद सिपाही विशेष

**कर्नाटक में कांग्रेस की नयी सरकार ने शपथ ले ली है। शपथ ग्रहण समारोह को विपक्षी एकता के लिए एक ताकतवर मंच बनाने की पूरी कोशिश की गयी और इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समान विचारधारा वाले कई दलों के नेताओं को न्योता भेजा था। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्षी एकता की कोशिशें हो रही हैं, तो ऐसे आयोजन को विपक्षी दलों के लिए शक्ति प्रदर्शन का मौका माना जा रहा था। मंच से विपक्ष के कई बड़े नाम गायब रहे, तो कई बड़े नेताओं को न्योता भेजा ही नहीं गयी। तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी खुद नहीं आयीं, प्रतिनिधि को भेजा। ममता ने पिछले दिनों कांग्रेस को 'जैसे को तैसा' समर्थन की शर्त रखी थी। 80 लोकसभा सीटों वाले यूपी के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी नहीं गये। बसपा प्रमुख मायावती भी नहीं पहुंचीं। शिवसेना उद्धव गुट के मुखिया उद्धव ठाकरे भी नहीं दिखे। कुल मिला कर विपक्षी एकता की दिशा में कांग्रेस का पहला बड़ा प्रयोग सफल नहीं रहा। जिन नेताओं को बुलाया ही नहीं गया, उनमें बीजद के नवीन पटनायक, बीआरएस के के चंद्रशेखर राव, वाइएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी, आप के अरविंद केजरीवाल, माकपा के पी विजयन और अन्य शामिल हैं। कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने उन नेताओं को दूर रखा है, जिन्होंने राहुल गांधी या कांग्रेस को विपक्षी एकता की धुरी मानने में हिचक दिखायी है। अब राजनीतिक हलकों में कर्नाटक के शपथ ग्रहण समारोह को विपक्षी एकता के खेल को बिगाड़ने के कांग्रेस की खुंटचाल के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस की इसी 'न्योता राजनीति' के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार के मुखिया के रूप में सिद्धारमैया की ताजपोशी हो गयी है। शपथ ग्रहण समारोह में आशा के अनुरूप कांग्रेस के तमाम आला नेताओं और मुख्यमंत्रियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी, लेकिन ताजपोशी के इस समारोह को विपक्षी एकता का मंच बनाने की कांग्रेस की कोशिशों को करारा झटका लगा, क्योंकि उम्मीद थी कि समारोह में तमाम विपक्ष मौजूद होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। न्योता भेजे जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव समारोह में नहीं दिखे। बसपा प्रमुख मायावती भी नहीं आयीं। ममता ने अपना प्रतिनिधि जरूर भेजा। समारोह में ममता-अखिलेश की मौजूदगी को विपक्षी दलों की एकता के लिए अहम माना जा रहा था। ममता ने हाल में कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी कांग्रेस को उन जगहों पर समर्थन देगी, जहां वह मजबूत स्थिति में है, लेकिन कांग्रेस को भी अन्य राजनीतिक दलों को समर्थन देना होगा। अखिलेश यादव के समारोह में शामिल नहीं होने को कांग्रेस से परहेज बनाये रखने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी का कहना है कि अखिलेश को न्योता आया था, लेकिन उनके पहले से कार्यक्रम तय थे।

लेकिन चर्चा विपक्ष के इन बड़े चेहरों की अनुपस्थिति के साथ इस बात की हो रही है कि आखिर कांग्रेस ने कई विपक्षी दलों को न्योता क्यों नहीं भेजा। 2018 में एचडी कुमारस्वामी का शपथ ग्रहण समारोह भी विपक्षी एकता का मंच बना था। मंच पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अजित सिंह, शरद पवार, तेजस्वी यादव, सीताराम येचुरी, मायावती, अखिलेश यादव, एन चंद्रबाबू नायडू, ममता बनर्जी जैसे दिग्गज विपक्षी नेता मौजूद थे। 2019 चुनाव से पहले आयी उस तस्वीर ने नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्ष की एकता पर मुहर लगा दी थी। लेकिन इस बार वैसा कुछ नहीं हुआ और यहीं से कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठने शुरू हो गये।



### कौन-कौन हुआ शामिल

पहले चर्चा उन नेताओं की, जो इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यों में विधायक दल के नेता तो थे ही, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन (द्रमुक), बिहार के सीएम नीतीश कुमार (जदयू), बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव (राजद), पुडुचेरी के सीएम एन रंगास्वामी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे। इनके अलावा एनसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सीताराम येचुरी, कमल हासन, जयंत चौधरी आदि भी समारोह में आये।

### कांग्रेस को 'बिग ब्रदर' मानने को तैयार नहीं हैं ममता-अखिलेश

अब बात कांग्रेस के 'न्योता पॉलिटिक्स' की। भाजपा के खिलाफ एकजुट विपक्ष की राग छेड़नेवाले नेताओं में ममता बनर्जी और अखिलेश यादव शीर्ष में हैं। साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर जमीन तलाश कर रहीं ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ने एकजुट विपक्ष को लेकर तमाम क्षत्रपों को एकजुट करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस रहित विपक्ष की वकालत कर चुके इन नेताओं की कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद नहीं होने के पीछे स्थिति साफ है कि दोनों नेता किसी तरह से कांग्रेस को 'बिग ब्रदर' मानने को तैयार नहीं हैं। हालांकि कर्नाटक में भाजपा की हार के बाद खुशी जाहिर कर चुकीं ममता ने साफ कर दिया था कि उनकी लड़ाई हमेशा भाजपा के खिलाफ रहेगी। इस दौरान उन्हें किसी का साथ मिलता है, तो इससे उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी।

### आप, टीडीपी समेत इनको न्योता ही नहीं

अब बात न्योता नहीं पानेवाले नेताओं की। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस ने केरल के सीएम पिनराई विजयन के अलावा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, आंध्रप्रदेश के सीएम जगनमोहन रेड्डी, ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक, टीडीपी नेता एन चंद्रबाबू नायडू और एआइएमआइएम नेता असदुद्दीन ओवैसी को न्योता नहीं भेजा गया।

यहां यह सवाल पैदा होता है कि आखिर दूसरी पार्टियों के नेताओं से कांग्रेस ने दूरी क्यों बनायी। इसके मायने भी 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़ कर देखे जा सकते हैं। इसका जवाब बहुत आसान है। कांग्रेस ने उन नेताओं को न्योता नहीं भेजा, जो विपक्षी एकता के अभियान में साथ तो हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने से परहेज करते रहे हैं। इन दलों को कांग्रेस से भी परहेज है। ऐसे में कांग्रेस ने कर्नाटक के शपथ ग्रहण समारोह को विपक्षी एकता की कोशिशों में खुद की चौधराहट स्थापित करने की कवायद जरूर की थी, लेकिन अब उसकी यही कवायद उसके लिए महंगी पड़ने लगी है। बेंगलुरु से लौटते हुए नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की है। उधर ममता और नवीन पटनायक के बीच अलग खिचड़ी पकने की खबर है। ऐसे में यह चर्चा भी होने लगी है कि कांग्रेस की 'न्योता पॉलिटिक्स' की खुंटचाल विपक्षी एकता के पूरे अभियान पर कहीं पानी ही न फेर दे।

---

## बन्ना गुप्ता ने सरयू राय पर किया मानहानि का केस

# एमपी-एमएलए कोर्ट में की शिकायत, 29 मई को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय के बीच का मामला अब अदालत पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की ओर से सरयू राय के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज किया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट में सरयू राय के खिलाफ बन्ना गुप्ता ने मानहानि की शिकायत दर्ज की है। अब इस मामले की सुनवाई कोर्ट में होगी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायधीश ऋषि कुमार की कोर्ट में सुनवाई होगी। इसके लिए 29 मई की तारीख तय की गयी है।

### मामला क्यों पहुंचा कोर्ट

बन्ना गुप्ता के वकील प्रकाश झा ने बताया कि विधायक सरयू राय की ओर से 27 अप्रैल के बाद से लगातार विभिन्न तरह के तथ्य से परे कई तरह की खबरें फैलायी जा रही हैं। इससे



मंत्री बन्ना गुप्ता की मर्यादा पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरयू राय के इस कृत्य के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन्हें लीगल नोटिस भेजा था। इस नोटिस में उन्होंने सरयू राय को माफी मांगने को कहा था, लेकिन उनकी ओर से कोई पहल नहीं की गयी। इसके बाद न्यायालय में शिकायत दर्ज करायी गयी है।

### क्या कहते हैं विधायक सरयू राय

बन्ना गुप्ता की ओर से भेजे गये नोटिस का विधायक सरयू राय ने कोई जवाब नहीं दिया है। इस नोटिस को लेकर उन्होंने बयान जारी किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि वह खुद चाहते हैं कि वह कोर्ट में सारी बातें साफ-साफ रखें। हम चाहते हैं कि प्रतिबंधित हथियार और अश्लील वीडियो के मामले को लेकर कोर्ट में बात हो और दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये।

### राज्यपाल तक कर चुके हैं शिकायत

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो और प्रतिबंधित हथियार रखने के मामले की शिकायत सरयू राय राज्यपाल तक कर चुके हैं। उन्होंने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सारी बातें साफ-साफ बतायी हैं। उसके बाद राज्यपाल ने उन्हें इस मामले को लेकर सरकार से जवाब मांगने की बात कही थी।

# शौच के लिए जा रहे बुजुर्ग को हाथी ने मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला के चौका थाना अंतर्गत खूंटी गांव में रविवार की सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने एक 69 वर्षीय व्यक्ति लीलकांत महतो को पटक कर मार डाला। प्राप्त सूचना के अनुसार लीलकांत महतो रोजना की तरह सुबह उठ कर शौच के लिए जा रहा था, तभी हाथियों के झुंड से उसका सामना हो गया। उसने हाथी देख कर भागने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच एक हाथी ने उसे अपनी सूंड़ में लपेट लिया और पटक कर मार डाला।

इधर घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण जुटे और हो हल्ला मचा कर हाथियों के झुंड को भगाया। इसकी सूचना वन विभाग और चौका पुलिस को दी। वन विभाग के कर्मी, चौका पुलिस, जिप सदस्य सबिता मार्डी, मुखिया सुकराम मांझी, समाजसेवी खगेन महतो घटनास्थल पर पहुंचे।

---

# मुख्यमंत्री क्यों नहीं कर रहे हैं स्थानीय और नियोजन नीति की घोषणा: लोबिन

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड बचाओ मोर्चा के मुख्य संयोजक सह बोरियो के जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में आखिर नियोजन और स्थानीय नीति का निर्धारण क्यों नहीं सरकार कर रही है। आज झारखंड में युवा नीति की मांग को लेकर सड़क पर हैं। मैं भी विधानसभा में इस मुद्दे को लेकर लगातार आवाज उठाता रहा हूं, बावजूद सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रही है। इस मामले में मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह डिमांड मेरी नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों की है।

चुनाव के वक्त मेनिफेस्टो में भी जेएमएम ने कहा था की हमारी सरकार बनी, तो झारखंड में स्थानीय नियोजन नीति बनायी जायेगी, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रहे हैं, मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए। अब तक जो भी नीतियां हुई हैं, उसमें अधिकतर बाहरी लोगों का ही चयन हुआ है। दो दिन पूर्व में भी जो 3000 से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया, उनमें भी अधिकतर लोग बाहर के ही हैं। हालांकि यह नियुक्ति कोर्ट के आदेश पर हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार 30 जून के पहले नियोजन नीति की घोषणा नहीं करती है, तो उस दिन मैं झारखंड में विस्फोट करूंगा।

हेमलाल मुर्मू के पुनः पार्टी में वापसी को लेकर पूछे गये सवाल



पर लोबिन ने कहा कि वह बिन पेंदी के लोटा के समान हैं। हेमलाल कभी कम्युनिस्ट में रहे, उसके बाद फिर जेएमएम में आये और उन्हें पार्टी ने टिकट देकर विधायक से सांसद पद तक का सफर करने का अवसर दिया। यह तो मुख्यमंत्री ही बतायेंगे कि उनके पुनः पार्टी में आने से पार्टी को कितनी मजबूती मिलेगी।

बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में विस्थापितों की हालत बद से बदतर हो गयी है। विस्थापितों की जमीन औने पौने भाव में लेकर उन्हें उनके जमीन और घर से बेदखल कर उन्हें दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर दिया गया है। मैं लगातार सरकार से विस्थापन आयोग के गठन की मांग करता रहा हूं। अगर आयोग का गठन होता है तो झारखंड में पेसा एक्ट के तहत जमीन विस्थापितों से अधिग्रहण करने के पूर्व ग्रामसभा करनी अनिवार्य है। ग्राम सभा में सहमति के बाद ही जमीन ली जाती है। आज पाकुड़ समेत पूरे राज्य में विस्थापित दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

---

# बासुकीनाथ शिवगंगा में दिखे पाताल महादेव, पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि पर बासुकीनाथ शिवगंगा कुंड में स्थित पाताल महादेव का दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार शनिवार को करीब 22 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने पाताल महादेव की विधिवत पूजा अर्चना की।



### पंडितों ने षोडशोपचार विधि से करायी पूजा

मंदिर के पंडितों ने षोडशोपचार विधि से पाताल महादेव का पूजन कराया। लंबी प्रतीक्षा के बाद भक्तों को पाताल महादेव के दर्शन होने से श्रद्धालु उत्साहित हैं। सुदूर देहाती क्षेत्र से भी भक्तों का यहां पहुंचने का सिलसिला चल रहा है। लोगों की श्रद्धा और भक्ति शिवगंगा में अद्भुत है। सुरक्षा बलों की उपस्थिति में भक्तों ने शिवगंगा कुंड में सुगमतापूर्वक महादेव की पूजा की। सुरक्षा बलों ने श्रद्धालुओं को शिवगंगा कुंड में उतरने के दौरान सहयोग किया। पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना करायी।

### भक्तों ने क्या कहा

भक्तों ने कहा शिवगंगा में पानी भर जाने के बाद न जाने कब फिर पाताल महादेव की पूजा और शिवगंगा में संकीर्तन करने का सौभाग्य मिलेगा। पाताल महादेव के पुजारी द्वारा स्वयंभू शिवलिंग की विधि विधान से पूजा की गयी। वहीं बाबा फौजदारीनाथ दरबार में भी भक्तों की भीड़ लगी रही।

### श्रद्धालुओं ने लगाये भोलेनाथ के जयकारे

भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण में अनेक धार्मिक अनुष्ठान कराये गये। भगवान भोलेनाथ को फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, गन्ना, फूल माला चढ़ाने के बाद मत्था टेका और कृपा मांगी। पूजा अर्चना और आरती के क्रम में घड़ी-घंटा, डमरू के आवाज से शिवगंगा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के जयकारे भी लगाये। इन सबसे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है।

### क्या है बासुकीनाथ शिवगंगा के कुंड का इतिहास

बता दें कि बासुकीनाथ शिवगंगा की तलहटी में जो कुंड स्थित है, यह काफी प्राचीन है। इस कुंड में स्वयंभू पाताल महादेव का शिवलिंग अवस्थित है। कहा जाता है कि आज से लगभग 300 वर्ष पहले जब शिवगंगा सरोवर का यहां अस्तित्व नहीं था, यहां स्थित कुंड में स्वयंभू शिवलिंग भी था, जिसे लोग पताल बाबा के नाम से जानते हैं। शिवगंगा की सफाई के दौरान पाताल महादेव का वर्षों बाद भक्तों को दर्शन हुए। शिवगंगा में पानी भरने के पूर्व जो पूजा होती है, उसमें बिल्वपत्र, पुष्प, अबीर गुलाल बाबा पर अर्पित किया जाता है। उसके बाद शिवगंगा को पानी से भर दिया जाता है। वर्षों बाद शिवगंगा की सफाई होती है। मान्यता है कि पानी निकाल कर कीचड़ को जब हटाया जाता है, तो वर्षों बाद भी पूजन सामग्री यथावत रहती है, वह ना ही सड़ती है न गलती है और ना ही नष्ट होता है। एक नजर में ऐसा लगता है मानो आज ही बाबा की श्रृंगार पूजा हुई हो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.8 °c | 26.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.06 बजे |



# सेना में जाना चाहता था दिनेश गोप, सीआइएसएफ में नियुक्ति भी हो गयी थी

## भाई की हत्या का बदला लेने के लिए अपराध की दुनिया में आया

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नेपाल से गिरफ्तार झारखंड के दुर्दांत उग्रवादी दिनेश गोप किशोरावस्था में भारतीय सेना में जाने की तैयारी कर रहा था। इसके लिए उसने शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा पास कर ली थी। दिनेश गोप को नियुक्ति पत्र भी भेजा गया था, लेकिन वह उसे मिला ही नहीं, क्योंकि उसी के गांव के कुछ दबंगों ने उस नियुक्ति पत्र को दबा दिया था। ग्रामीणों के अनुसार जब इसकी जानकारी दिनेश गोप के भाई सुरेश को हुई, तो वह दबंगों का विरोध करने लगा। दबंगों के विरोध की वजह से वह उनके निशाने पर आ गया और नक्सलियों के साथ हो गया। उसी दौरान दिनेश गोप की नियुक्ति सीआइएसएफ में हो गयी। वह वहां योगदान करता, इससे पहले उसका भाई सुरेश गोप पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए दिनेश खुल कर अपराध की दुनिया में आ गया। दिनेश गोप पहली बार उस समय सुर्खियों में आया, जब उसने गोविंदपुर स्टेशन के पास अपने क्षेत्र के दबंग केशव सिंह और लापुंग में डिप्टी सिंह की हत्या कर दी।

### मसीह चरण पूर्ति से जुड़ कर जेएलटी बना पीएलएफआइ

कभी भाकपा माओवादियों के साथ कमांडर के रूप में काम करनेवाले मसीह चरण पूर्ति ने साल 2001 में संगठन से अलग हटकर खुद का संगठन बना लिया। धीरे-धीरे इस संगठन का वर्चस्व बढ़ता चला गया। बाद में वह दिनेश गोप के संगठन जेएलटी से जुड़ गया और 2007 संगठन का नाम पीएलएफआइ हो गया। उसके बाद शुरू हुआ इस संगठन का आतंक। खूंटी से शुरू होकर इस संगठन का वर्चस्व गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, लोहरदगा सहित राजधानी रांची तक पहुंच गया। संगठन ने अपना वर्चस्व कायम करने और लोगों में खौफ पैदा करने के लिए दर्जनों लोगों को मौत के घाट उतार दिया।

### स्कूल और धर्मशाला बनवाये

आम लोगों से जुड़ने के लिए दिनेश गोप ने कई स्कूल और धर्मशाला बनवाये। एक तरफ वह लेवी वसूल करता, वहीं कुछ गरीबों की शादी और मृत्यु पर आर्थिक मदद देने लगा, ताकि उसकी छवि समाज के हितचिंतक के रूप में बनी रहे। दबंगों द्वारा हड़पी गयी गरीबों की जमीन वापस दिलाने के लिए वह पंचायत भी बिठाने लगा। इस तरह दिनेश गोप ने एक बड़ा खौफ का साम्राज्य तैयार कर लिया। इसके बल पर वह लगातार पुलिस को भी चकमा देता रहा।



### एनआइए ने की थी चार्जशीट

एनआइए ने नोटबंदी के बाद रुपये की बरामदगी से संबंधित मामले (आरसी-02/2018) में चार्जशीट की थी। पीएलएफआइ के समर्थकों से 25.38 लाख रुपये की बरामदगी के इस मामले में वह फरार था। पीएलएफआइ के खिलाफ एनआइए द्वारा जांच किये जा रहे दो मामलों में से यह एक था।

एनआइए ने 23 जुलाई 2022 को पांच व्यक्तियों और तीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के खिलाफ मामले में दूसरी पूरक चार्जशीट दायर की। एनआइए ने इस मामले में 14 बैंक खातों और दो कारों के साथ एक करोड़ से अधिक की नकदी और अचल संपत्ति भी कुर्क की थी। लेवी की रकम को दिनेश पलक इंटरप्राइजेज, शिव आदिशक्ति, शिव शक्ति समृद्धि इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, भव्य एंजिकॉन जैसी कंपनियों में निवेश करता था। ये कंपनियों उसने अपने सहयोगियों और उनके परिजनों के साथ साझेदारी में छद्म नाम से बनायी थी।

### काली कमाई के निवेश में लेता था पत्नियों की मदद

ठेकेदारों और व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी और लेवी वसूलने वाला दिनेश गोप अपनी दो पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी के अलावा कुछ करीबी व्यापारियों के जरिये इन पैसों को कंपनियों में लगाता था। वह जितनी भी काली कमाई करता था, शेल कंपनियों के जरिये उसे बाजार में खपा देता था। इसमें उसकी दोनों पत्नियां और कई रिश्तेदार भी मदद करते थे।

### बेड़ो से पुलिस ने जब्त किये 25.38 लाख रुपये

राजधानी रांची से सटे बेड़ो प्रखंड में 10 नवंबर 2016 को पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के 25.38 लाख रुपये जब्त हुए थे। दिनेश गोप के सहयोगियों के 42.79 लाख रुपये नकद और करीब 70 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति एनआइए ने जब्त कर ली थी। एनआइए की जांच में पता चला था कि दिनेश गोप ने पत्नियों और परिवार के अन्य सदस्यों के जरिये दो दर्जन से अधिक बैंकों में 2.5 करोड़ रुपये जमा कर रखे हैं।

### नोटबंदी के बाद पेट्रोल पंप संचालक समेत चार हुए थे गिरफ्तार

बता दें कि नोटबंदी के ठीक बाद 10 नवंबर 2016 को रांची पुलिस ने एक पेट्रोल पंप संचालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआइए ने 19 जनवरी 2018 को इस केस को टेकओवर किया। एनआइए ने दिनेश गोप के सहयोगी सुमंत कुमार और अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की, तो उसे 90 लाख रुपये कैश और निवेश संबंधी कई कागजात मिले। इसके बाद ही एनआइए ने उसकी दोनों पत्नियों को गिरफ्तार किया। मार्च 2020 में दिनेश गोप के खास सहयोगी जयप्रकाश सिंह भुइयां और अमित देशवाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पीएलएफआइ के पैसे को कंपनियों में निवेश करने वाले गुजरात के एक व्यापारी की भी इस मामले में गिरफ्तारी हुई थी।

### पिछले साल फरवरी में अंतिम बार हुआ था फरार

3 फरवरी 2022 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदरी पुलिस थाने के वन क्षेत्र में दिनेश के नेतृत्व वाले पीएलएफआइ दस्ते और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में कई राउंड फायरिंग हुई। नक्सली जंगल में घुस गये और दिनेश गोप भागने में सफल रहा। तब से वह फरार चल रहा था और झारखंड में पीएलएफआइ के गढ़ को फिर से स्थापित करने के लिए सभी प्रयास करते हुए अलग-अलग जगहों पर शरण ले रहा था।

---

राज्य सरकार पर बरसे सांसद संजय सेठ, कहा

# सरकार, अधिकारी बंगले में मस्त बिजली-पानी के बिना जनता त्रस्त

पानी भरने के लिए लोग रात-रात भर जाग रहे हैं, नगर निगम पूरी तरह विफल है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को सांसद कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। कैंडल जलाकर की गयी इस प्रेस वार्ता में सांसद ने कहा कि राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में बिजली और पानी के बिना हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, परंतु यह सरकार सोयी हुई है। ऐसा लग रहा है जैसे इस सरकार को जन सरोकार से कोई मतलब ही नहीं है। फरवरी महीने से ही रांची में बिजली की आंख मिचौली शुरू हुई है।

ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आने लगी, इसके साथ ही जल संकट भी शुरू हुआ, परंतु इस राज्य का दुर्भाग्य है कि यहां ऐसी सरकार शासन चला रही है, जिसे इन सब से कोई मतलब नहीं। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बच्चे, बुजुर्ग, मरीज, किसान, परेशान हैं, छोटे-छोटे उद्योग धंधे बंद होने के कगार पर है। बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण गांव के किसान खेतों में पानी नहीं पटा



पा रहे हैं, जिसके चलते फसल का नुकसान हो रहा है। छोटे-छोटे व्यापारी बिजली की किल्लत से परेशान हैं, पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

पानी भरने के लिए लोग रात-रात भर जाग रहे हैं। नगर निगम पूरी तरह विफल है, पानी के कारण आपस में लोग लड़ाई-झगड़ा तक कर रहे हैं। रांची के 60 प्रतिशत चापाकल फेल हो गये हैं। इसका जिम्मेदार कौन? करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी बोरिंग फेल हो गयी है। कोई देखने, सुनने वाला नहीं है। राज्य की जनता 50 साल पूर्व जैसी जिंदगी जीने को मजबूर है। मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर सब अपने बंगले में मस्त हैं। वहीं यहां की जनता बिजली-पानी के बिना त्रस्त है। अफसोस होता है कि सरकार के पास कोई विजन नहीं है कि कैसे बिजली और पानी के संकट का समाधान किया जाये।

ईचागढ़ से लेकर सिल्ली, कांके, खिजरी, हटिया, खलारी तक से प्रतिदिन दर्जनों कॉल आ रहे हैं। कहीं बिजली संकट है तो कहीं पानी का संकट है। कहीं चापाकल खराब पड़े हैं, कहीं जल मीनार बनकर तैयार है परंतु जल जलापूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़ दे तो शहर की स्थिति उससे भी बदतर है, शहर में मात्र 8 से 9 घंटे बिजली मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कमोबेश यही स्थिति है। पेयजल का पाइप टूट जाने पर सरकार तुरंत मरम्मत नहीं कर पाती है, नतीजा लाखों गैलन पानी बर्बाद हो रहे हैं। आखिर जनता क्या करे? ना तो सप्लाई का पानी सही समय पर मिल पा रहा है और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है।

भारत सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इस राज्य को करोड़ों रुपये दिये। लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि राजधानी में भी उस योजना को धरातल पर पूरी तरह से नहीं उतारा जा सका है। अफसर फाइल घुमाते हैं और मंत्री अपनी गाड़ियों पर घूमते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता की तरफ से अनुरोध है कि राजधानी की जनता को बख्श दीजिए। कम से कम इनके लिए समुचित पानी और बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कीजिए, ताकि इस भीषण गर्मी में जनता को कुछ राहत मिल सके। यदि सरकार अविलंब बिजली और जल संकट का समाधान नहीं निकालती है, तो रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता इस निकम्मी सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। प्रेस वार्ता में निवर्तमान पार्षद अरुण झा, सुनील यादव अर्जुन राम आदि उपस्थित थे।

---

दावा : 2000 के नोट को छापने में लगे थे 20 हजार करोड़ रुपये

# अब कहीं 500 रुपये के नोट भी बंद न कर दिये जायें : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को 2000 रुपये के नोट बंद को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि 8 नवंबर 2016 रात्रि 8 बजे देश में पहली बार आर्थिक आतंकवाद का एक बड़ा हमला हुआ था। आर्थिक आतंकवाद के उस हमले में छोटे-बड़े मध्यम वर्ग के लोग और ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर के जो एंप्लॉयमेंट के यूनिट में एक्साइज थे, एमएसएमइ थे, कॉटन इंडस्ट्री थे, कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री और फिल्म इंडस्ट्री में करोड़ों लोगों का रोजगार है। उस रोजगार पर एक बड़ा हमला हुआ था और वह हमला नोटबंदी के कारण हुआ था। कहा कि उस दिन अचानक से कालाधन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद का हवाला देते हुए 500 और 1000 रुपये के नोटों की वैधता समाप्त कर दी गयी थी। इसके बाद 50 दिनों का वक्त दिया गया था कि अगर आपके पास 500 और 1000 के नोट है तो उसे एक्सचेंज करा लें। कहा कि केवल 2000 के नोट को छापने में



20000 करोड़ रुपये लगे थे। अब 6 साल में 20000 करोड़ों बर्बाद किये गये।

अब कौन सा नया नोट आने वाला है नहीं मालूम। उसमें कितने हजार की लागत लगेगी नहीं मालूम। उन्होंने कहा कि जब ये फैसला आया है, तब देश के प्रधानमंत्री विदेश में हैं। इस फैसले पर फाइनेंस मिनिस्टर का बयान नहीं आया है। आने वाले 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। तेलंगाना मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इनको देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

सुप्रियो ने कहा कि यह जो नोट वापस होंगे यह किनके द्वारा किये जायेंगे इसकी भी जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि इस बार तो कम से कम हजार वाला से तो कम ही लोगों के पास दो हजार का नोट होगा। उसकी सूची उपलब्ध करायी जा सकती है। मुझे तो लगता है की कुछ दिनों में यह 500 रुपये के नोट भी बंद होने वाले हैं। फिर धंधा बना लेंगे फिर 100, 200 के बंद हो जायेंगे। उसके बाद 75 रुपये का 150, 350 और 675 रुपये का नया नोट लाया जायेगा। इतना बड़ा आर्थिक आतंकवाद, इससे ज्यादा बड़ा कुछ नहीं हो सकता है।

---

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा। |
| वृष | नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे। |
| कर्क | धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| सिंह | क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें। |
| कन्या | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी |

---

# गरीबों के बीच फूड पैकेट, फल और जूस का वितरण कर मनायी राजीव गांधी की पुण्यतिथि

राजीव गांधी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे और पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष रमन झा ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच फल और फ्रूटी वितरण कर उन्हें याद किया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान गरीबों के बीच फूड पैकेट, फल और जूस का वितरण किया गया। इस दौरान पासवा अध्यक्ष ने राजीव गांधी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए




कहा कि उनका 5 वर्षों का छोटा सा कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा था। सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज, कंप्यूटर क्रांति, छात्रों को लोकतंत्र में सीधी भागीदारी और 21वीं सदी के भारत का निर्माण करने वाले राजीव गांधी हमेशा याद किये जाते रहेंगे। कहा कि देश राजीव गांधी को न भूला है और ना ही कभी भूल सकता है। राजीव गांधी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। राजीव गांधी ने आतंकवाद के आगे कभी घुटना नहीं टेका और देश के लिए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की, वे भारत माता के सच्चे सपूत थे। वहीं पूर्वी सिंहभूम पासवा अध्यक्ष रमन झा ने कहा कि आज भी देश उनके पदचिह्नों पर चल रहा है। ग्रामीण इलाके हों या शहरी क्षेत्र स्थानीय लोगों को विकास में भागीदार बनाने का उनका सपना आज पूरा हो रहा है। पूरी दुनिया में भारत के युवा सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर तकनीक में अपना परचम लहरा रहे हैं, यह राजीव गांधी की ही देन है।

---

# आधुनिक भारत के निर्माता और भारतीय सूचना क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सादगीपूर्वक मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

राजेश ठाकुर ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता, भारतीय सूचना क्रांति के जनक, पंचायती राज सशक्तिकरण के सूत्रधार, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, देशहित में सब कुछ न्यौछावर करनेवाले कुशल प्रशासक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी सदैव याद रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहनेवाले आदिवासियों मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है, ऐसा उदगार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट




किया था। राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई बड़ी योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि सूचना क्रांति, पंचायती राज और युवाओं को मताधिकार देने जैसी उनकी क्रांतिकारी सोच और संकल्प ने भारत को विकसित और आधुनिक राष्ट्र बनाया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। केशव महतो कमलेश ने भी अपने उदगार व्यक्त किये।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, रमा खलखो,अमरेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर और डॉ राकेश किरण महतो सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# चीफ जस्टिस ने सीएम हेमंत से की मुलाकात



### हाइकोर्ट के नये भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का दिया न्योता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रविवार को झारखंड के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को आगामी 24 मई 2023 को आयोजित झारखंड उच्च न्यायालय के नये भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने चीफ जस्टिस को धन्यवाद देते हुए अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

# राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 मई के प्रस्तावित देवघर भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस और बाबा मंदिर तक की दो किलोमीटर की परिधि को दो दिनों के लिए अस्थायी तौर पर रेड जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में एसपी जनसंपर्क कोषांग से आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि रेड जोन इलाके में दो दिन 23 और 24 मई को सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के बिना रेड जोन में कोई भी व्यक्ति ड्रोन नहीं उड़ा सकता है और यूएवीएस (अनमैंड एरियल व्हीकल्स) का प्रयोग नहीं कर सकेगा। कहा गया है कि 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देवघर भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर देवघर एयरपोर्ट सहित पांडेय मोड़, कुंडा मोड़, टावर चौक, बैद्यनाथ मंदिर और परिसदन की दो किलोमीटर परिधि को अस्थायी रूप से दो दिन 23 और 24 मई के लिए रेड जोन घोषित कर दिया गया है। पाबंदी का पालन नहीं करनेवालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने की बात कही गयी है।

# डॉ. श्वेता झा को विद्यापति स्मारक समिति ने किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को विद्यापति स्मारक समिति के द्वारा मेडिका हॉस्पिटल रांची में कार्यरत चिकित्सिका डा. श्वेता झा को विशिष्ट मिथिला पुत्री सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा और पदाधिकारियों के द्वारा डॉ. श्वेता झा को शॉल, बुके और प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ हीं साथ झारखंड मैथिली मंच के अध्यक्ष विनय कुमार झा को भी समिति ने शॉल देकर सम्मानित किया। लेखानंद झा ने बताया कि विद्यापति स्मारक समिति मैथिल समाज की अग्रणी संस्था है, जो पिछले 45 वर्षों से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संरक्षण के दिशा में लगातार काम करते आ रही है और समाज के अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मिथिली समाज को गौरवान्वित करने वाली डॉक्टर श्वेता झा को चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए समिति ने विशिष्ट मिथिला पुत्री सम्मान से सम्मानित किया। लेखानंद झा ने यह भी बताया कि विगत 14 मई 2023 को जानकी जन्म महोत्सव सम्मारोह के मौके पर 8 मिथिला पुत्री और 1 मिथिला पुत्र को सम्मानित किया गया था। वहीं समिति ने साहित्य अकादमी से सम्मानित प्रतिष्ठित साहित्यकार सियाराम झा सरस को वैदेही पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया था। इस मौके पर लेखानंद झा, बी के झा, संजीव मिश्रा, अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### जानबूझकर निगम का चुनाव नहीं करा रही सरकार

# आमजन को नगरीय सुविधा से वंचित रखना चाहती है सरकारः दीपक प्रकाश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला की पांचवीं कार्यसमिति बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार निगम चुनाव नहीं करा कर आमजन को नगरीय सुविधा से वंचित रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज पूरे रांची में पानी और बिजली को लेकर त्राहिमाम मचा है और हेमंत सरकार निगम चुनाव कराना ही नहीं चाहती।

इस विषय को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन द्वारा तय सभी कार्यक्रमों को सफल करने की योजना बतायी। जनसंपर्क में प्रदेश से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं को अभियान में जुट जाने को निर्देशित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि 27 मई को उपायुक्त कार्यालय के सामने बिजली, पानी और स्थानीय निकाय चुनाव की मांग को लेकर भाजपा रांची महानगर जिला विरोध-प्रदर्शन करेगी जिसमें हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आवाज उठायेगी। महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों जिसमें जनसंपर्क अभियान एवं आजीवन सहयोग निधि प्रमुख रूप से है को लेकर महानगर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां बांटी। कार्यसमिति बैठक की प्रभारी गंगोत्री कुजूर ने विस्तार से अगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं सांसद संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर जनता से जुड़े सभी कार्यक्रमों में सांसद की भूमिका सक्रियता के साथ रहेगी। महानगर प्रभारी मनोज सिंह ने मंडल अध्यक्षों से अनिर्मित बूथों को जल्द से जल्द बनाने को कहा। बैठक का संचालन महामंत्री वरूण साहू और धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया।

इस अवसर पर मंच पर विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, सूर्यमणि सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, सरोज सिंह, सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू, महेश पोद्दार, प्रतुल शाहदेव, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, राकेश भास्कर, हेमंत दास, आरती कुजूर, शोभा सिंह, कृपाशंकर सिंह, रमेश सिंह, संदीप वर्मा, प्रेम वर्मा, गुरबिंदर सिंह सेठी, जितेंद्र सिंह पटेल, जितेंद्र वर्मा, नीरज सिंह, अनिता वर्मा, सुजाता सिंह, राजनीश पांडेय, रोमित सिंह, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, रामलगन राम, ओमप्रकाश पांडेय, सुवेश पांडेय, संतोष मिश्रा, विकास रवि, उमेश यादव, रामजी प्रसाद,सुजीत शर्मा, सुभाष अग्रवाल, आनंद वर्मा, पप्पू जायसवाल, इंद्रजीत यादव, निलेश सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, आदि भी उपस्थित थे।

### मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए रघुवर दास, कहा-

# ओबीसी समाज का राष्ट्र के विकास में विशेष योगदान रहा है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को अहमदाबाद में मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में राज्य के पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दासभी शामिल हुए। रघुवर दास ने इस दौरान कहा कि ओबीसी समाज का राष्ट्र के विकास में विशेष योगदान रहा है। भामशाह से लेकर आज तक कई महापुरुषों ने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का संदेश दुनिया को दिया। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत में हुआ और हमें मोदी जी जैसे सशक्त नेतृत्व में समाज और राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आज उनके कारण पूरे देश और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत और भारतीयों का मान-सम्मान बढ़ा है। गुजरात की धारा ने कई महापुरुषों को जन्म दिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहचान विश्व में शांतिदूत की है। लौह पुरुष सरदार पटेल दृढ़ संकल्प शक्ति के प्रतीक हैं। 21वीं सदी के लौह पुरुष और युग पुरुष नरेंद्र मोदी ने दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ मानवता का संदेश दिया है। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के साथ केंद्रीय गृह मंत्री रघुवर दास भी शामिल हुए।

# बड़ा तालाब को बचाने के लिए उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की गुहार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को रांची झील बचाओ अभियान समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति के द्वारा रांची झील के मुख्य घाट पर एक दिवसीय सत्याग्रह कर उच्च न्यायालय से तालाब को बचाने का आग्रह किया गया। वहीं इस सत्याग्रह में समिति ने राज्य सरकार और निगम प्रशासन से 3 सूत्री मांग की है। समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने सत्याग्रह के दौरान कहा कि रांची झील (बड़ा तालाब) में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का रांची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है। वहीं झील में बदबू के कारण मच्छर फैल गये हैं और महामारी का खतरा फैल गया है। उन्होंने नगर निगम से रांची झील की जल्द से जल्द साफ सफाई कराने की मांग की। वहीं उन्होंने कहा कि रांची झील में दूषित पानी के प्रवेश पर अविलंब रोक लगायी जाये। इसके साथ ही झील के सुंदरीकरण के कार्य को जल्द से जल्द कराए जाने की मांग भी की गयी। मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार और नगर निगम प्रशासन अविलंब रांची झील की साफ सफाई के लिए उचित कार्यवाही करे और झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाये। मिश्रा ने बताया कि जब तक रांची झील पूर्ण रूप से साफ नहीं हो जाता तब तक समिति के द्वारा संघर्ष जारी रहेगा। सत्याग्रह में अशोक पुरोहित, मुजीब कुरेशी, लंकेश सिंह, रमेश केडिया, गोपाल पारीक, दीपू गाड़ी, परवेज आलम, बसंत दास, कैलाश केसरी, विक्रमनाथ शाहदेव, शाहिल कुमार, मनोज शर्मा, इंदर सिंह, सुनील सहाय, टिंकू महतो, अनिल तिवारी, कैलाश पारीक, मो रॉकी, ओम प्रकाश शर्मा, दीपक कुमार, मो मजहर सहित सैकड़ों सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### कार्यक्रम : सांसद समीर उरांव ने बोड़ेया में किया प्रतिमाओं का अनावरण

# समाजसेवा में अहम योगदान देने वालों को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने प्रखंड के बोड़ेया गांव में रविवार को दो महान विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उन्होंने बोड़ेया निवासी भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय सुकरा उरांव तथा समाजसेवी स्वर्गीय सुखराम पाहन की प्रतिमाओं का अनावरण किया। तिनकोनिया बाजार बोड़ेया चौक पर भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय सुकरा उरांव तथा बिरसा मध्य विद्यालय प्रांगण में समाजसेवी स्वर्गीय सुखराम पाहन की स्थापित की गयी। नवनिर्मित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनका अनावरण किया। भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय सुकरा उरांव ने गांव को एकजुट कर सद्भावना तथा सौहार्द्र स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं सुखराम पाहन ने अपनी आठ डिसमिल जमीन बिरसा मध्य विद्यालय तिनकोनिया बाजार बोड़ेया के निर्माण के लिए दान में दे दी थी। विगत चार दशक से इसमें गरीब आदिवासी और ग्रामीण बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सांसद समीर उरांव ने स्कूल संचालन में अहम योगदान देने वाले प्रिंसिपल विजय उरांव, आदिवासी कल्याण समिति के अध्यक्ष परना उरांव, पद्मश्री मधु मंसूरी नागपुरी कलाकार महावीर साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों को कला, संस्कृति, समाजसेवा में अहम योगदान देने के लिए शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद समीर उरांव ने कहा कि समाज को एकजुट करने, सामाजिक सौहार्द और समरसता स्थापित करने, ग्रामीण गरीब आदिवासी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अहम योगदान देने वाले विभूतियों से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। साथ ही पुरातन सामाजिक समरसता को तोड़ने का प्रयास करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने बिरसा मध्य विद्यालय के विकास में यथासंभव सहयोग देने की बात कही। कहा कि हम सभी को विकास में अहम योगदान देने वाले अपने पूर्वजों को सदैव याद रखना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी गोविंद नारायण तिवारी, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सोमा उरांव, विरेंद्र नारायण तिवारी, वरीय भाजपा नेता अर्जुन राम, विश्वकर्मा वाहन वरिष्ठ पत्रकार चंद्रेश्वर, पंचायत समिति सदस्य अमर तिर्की, डॉक्टर जया भगत, रामदास उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# नये विभागाध्यक्ष डॉ अभय कृष्ण सिंह का किया स्वागत




समाजशास्त्र विभाग के नये विभागाध्यक्ष डॉ अभय कृष्ण सिंह को समाजशास्त्र विभाग, सहायक प्रोफेसर डॉ अजिता कुमारी ने पौधा देकर स्वागत किया।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग में प्रभारी नये विभागाध्यक्ष भूगोल के सहायक प्रोफेसर डॉ अभय कृष्ण सिंह को समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ अजिता कुमारी ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भी नये विभागाध्यक्ष को स्वागत किया। स्वागत के दौरान डॉ सिंह ने बच्चों के साथ अपनी बातों को साझा किया। साझा के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को हमेशा अनुशासन एवं समय की पाबंदी को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। समाजशास्त्र विभाग में बच्चों को आगे बढ़ते हुए सुनकर बहुत प्रसन्न हुए एवं उन्होंने कहा कि इसी तरह यह विभाग अपने पथ पर हमेशा अग्रणी बना रहेगा। इस अवसर पर डॉ सिंह ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। बच्चों के अनुशासन पर नये विभागाध्यक्ष ने बहुत हार्दिक प्रशंसा जाहिर की। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रो डॉ रेखा चैधरी, सहायक प्रो डॉ तनुजा कुमारी एवं सहायक प्रो डॉ बरुण कुमार मुंडा उपस्थित थे।

# दो दिवसीय कार्यकारिणी की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को कुंड़ुख लिट्रेरी सोसायटी आफ इंडिया नयी दिल्ली की दो दिवसीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि महादेव टोप्पो थे। उन्होंने कहा कि साहित्य ही समाज दर्पण है, इसलिए सभी को अपनी मातृभाषा कुंड़ुख पर गर्व करना चाहिए। साथ ही पीएचडी कुंड़ुख शोध पीपीटी के माध्यम से दस में से पांच शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य जज प्रो सोमरा उरांव, मांडर कालेज मांडर थे साथ ही पांच निर्णायक सदस्य थे। शोधार्थी समूह में प्रथम पुष्पा किस्पोट्टा, द्वितीय सरिता कुमारी, तृतीय एमए समूह प्रथम जगदीश उरांव, द्वितीय लखन उरांव और फैक्लटी में प्रथम डॉ बंदे खलखो, द्वितीय निपुल लकड़ा तृतीया पंकज कुजूर हुए। इस बैठक में झारखंड, छत्तीसगढ़, प.बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, कोलकाता और दिल्ली के चैप्टर चीफ उपास्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कुंड़ुख भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में डालने के लिए अपने -अपने राज्यों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

# एनएचएससी ने अनाथ बच्चों को भोजन कराया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को एनएचएससी ने अनाथ बच्चों को भोजन कराया। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक सिद्धार्थ ने कहा कि हर नागरिक को समय समय पर अनाथ बच्चों के साथ समय व्यतीत करना चाहिए और उनकी जरूरतों की पूर्ति के लिए एक कदम उठाना चाहिए। इस कार्यक्रम में कामदेव पान के द्वारा बैटरी संचालित स्कूटी के न्यू मॉडल का विमोचन किया गया और एसी और डीसी थ्री इन वन बल्ब आश्रम को भेंट किया गया। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के सदस्य विजय, नमन भारतीय, अर्णव, अर्पण, मनीष, राजेश, आशुतोष सौरव, शैलेश, मुकेश कुमार, विवेक सिन्हा, कमल ठेहरी, पवन कुमार, भारती और पाठक मौजूद रहे। यह जानकरी मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी।

# बाल संस्कार शिविर की हुई शुरुआत



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को पहाड़ी मंदिर यात्री शेड में बाल संस्कार शिविर का आयोजन जन सेवा मंच और नटराज योग संस्थान के द्वारा किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में बच्चे सम्मिलित हुए। जन सेवा मंच के संयोजक समाजसेवी निशांत यादव ने बताया कि इस शिविर में बच्चों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए योग, ध्यान, वैदिक ज्ञान, दंड चाल, आत्मरक्षा, संगीत और संस्कार संस्कृति सिखाया जा रहा है। यह शिविर हर रविवार सुबह 7:30 बजे आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में एक्मी क्लासेस के बच्चे भारी संख्या में उपस्थित रहे। योगाचार्य आर्य प्रह्लाद भगत ने सभी बच्चों को हास्य योग, योगासन खेल और सामान्य योग प्रोटोकाल कराया और बच्चो ने इस दौरान संगीत गायन, भजन कीर्तन भी किया। शिविर में बिद्दू दिव्य, अमित कुमार, मनीष कुमार, अतुल पांडेय, मनीष नाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 35 लाख लिया कर्ज, सूद के साथ लौटाये 1.09 करोड़, अब और मांग रहा 37 लाख

**नहीं देने पर कारोबारी को जान से मारने और बच्चे को अगवा करने की मिल रही है धमकी, प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में सूद की राशि को लेकर एक कारोबारी ने दूसरे कारोबारी पर धमकी देने और बच्चों को अगवा करने का आरोप लगाते हुए लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज कराने वाले कारोबारी का नाम विकास बाजाज है। वे बजाज इंटरप्राइजेज के संचालक हैं और ग्रीन न्यू इनक्लेव लोअर वर्धमान कंपाउंड लालपुर में रहते हैं। उनका आरोप है कि व्यापार को लेकर कुछ वर्ष पूर्व उनका परिचय दीपक अग्रवाल से हुआ। जो श्री अग्रवाल सेनेटरी के संचालक हैं। व्यापारिक गतिविधियों को लेकर उन्हें पैसों की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने दीपक अग्रवाल से संपर्क किया। दीपक अग्रवाल से उन्होंने कर्ज के रूप में 35 लाख 63 हजार उनके खाते में ट्रांसफर किये। इसके एवज में विकास बजाज ने दीपक अग्रवाल के दो बैंक खाते में अलग अलग तिथियों में 76 लाख 35 हजार और 33 लाख, कुल एक करोड़ 9 लाख 35 हजार रुपये वापस कर दिये। इसके बाद भी दीपक अग्रवाल उनसे 37 लाख रुपये की और मांग कर रहे है। पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने और बच्चों को अगवा करने की धमकी दी जा रही है। यह भी धमकाया जा रहा है कि उनका व्यापार बंद करावा देंगे। यह भी आरोप है कि दीपक अग्रवाल ने अपने पिता विमल अग्रवाल के साथ उनके घर में आकर उन्हें मारा पीटा भी और उनका एटीएम कार्ड छीन लिया। वहीं एक दर्जन से ज्यादा साइन किया चेक रख लिया है। इधर सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि दीपक अग्रवाल और विमल अग्रवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है और छानबीन की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

# रामगढ़ में तेज रफ्तार का कहर, पिता पुत्र सहित तीन की मौत, एक गंभीर

**घर से सब्जी बेचने निकले पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर, घर में छाया मातम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में तेज रफ्तार का कहर रविवार को देखने को मिला। दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र सहित एक अन्य की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पहली घटना रामगढ़-बोकारो मुख्यमार्ग अंतर्गत छत्तरमांडू स्थित रामगढ़ कोर्ट के पास घटी। बाइक संख्या जेएच 02एएल 4753 पर सवार होकर पिता-पुत्र सुबह करीब 4 बजे सब्जी बेचने के लिए रामगढ़ डेली सब्जी मार्केट जा रहे थे, इसी बीच तेज रफ्तार से विपरीत दिशा से आ रही वैगनआर कार संख्या जेएच02वाई-8917 से सीधी जोरदार टक्कर हो गयी। घटना के बाद बाइक और वैगनआर कार के परखच्चे उड़ गये। वही स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर पड़े दोनों पिता-पुत्र को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां



चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। इधर, मौत की खबर रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकला में मातम छा गयी। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतकों में रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकला गांव निवासी 55 वर्षीय भीम महतो उसका पुत्र 22 वर्षीय प्रदीप कुमार मेहता शामिल है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में कर थाना ले आई।



**चुटूपालू घाटी में ट्रेलर ने ट्रेलर को मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर**

जबकि, दूसरी घटना रविवार की सुबह करीब 6.30 बजे रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी के ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हित स्थल पर घाटी। यहां भी तेज रफ्तार से एक ट्रेलर ने दूसरे ट्रेलर को जोरदार पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक और खलासी क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गए। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही ट्रेलर संख्या टीएन 04बीए 1415 का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेकफैल हो गयी। आगे आगे जा रही एक अन्य ट्रेलर संख्या एचआर 39एफ 1459 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उक्त ट्रेलर का केबिन पूरी तरह परकच्चे उड़ गये। इस घटना में मौके पर ही ट्रेलर चालक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

**पुलिस ने रेस्क्यू कर निकाला चालक और खलासी को**

घटना की सूचना पाकर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर में फंसे चालक और खलासी को घंटों मशक्कत के बाद निकाला। बताया जाता है कि घटना की जानकारी एनएचएआई को दी गई, लेकिन करीब 1 घंटे बाद पहुंची। तब तक पुलिस ने केबिन में फंसे मृत चालक और गंभीर रूप से घायल खालसी को निकालकर सदर अस्पताल भेज दी थी।

# कृषि विभाग की टीम ने केरल में कृषि मत्स्य से जुड़ी तकनीकी जानकारी ली



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के कृषि पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल के नेतृत्व में केरल भ्रमण पर गयी टीम लगातार वहां अलग-अलग कृषि संस्थानों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में विभागीय मंत्री, सचिव और अन्य अधिकारियों ने रविवार को केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान कोच्चि (केरल) का दौरा किया। वहां कृषि, मत्स्य से जुड़ी तकनीकी और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी हासिल की।

मौके पर बादल ने कहा कि केरल राज्य ने कृषि, पशुपालन और मत्स्य के क्षेत्र में कई स्तर पर कार्य किये हैं। इसमें तकनीकी समावेश एक महत्वपूर्ण अंग है। हमारा प्रयास है कि केरल राज्य की उत्कृष्ट कृषि नीति और तकनीक को झारखंड में लागू किया जाये। मंत्री ने संस्थान के निदेशक के साथ झारखंड के मात्स्यिकी संसाधनों और उसके अनुसार राज्य की जरूरतों के बारे में विस्तृत से बताया। वहां के वैज्ञानिकों को राज्य में अवस्थित जलाशयों, परित्यक्त खदानों से मत्स्य पालन से संबंधित तकनीक उपलब्ध कराने के बारे में भी चर्चा हुई।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि अपनी टीम को राज्य में भेज कर जल कर का विस्तृत सर्वे औरजानकारी एकत्र करते हुए राज्य की आवश्यकता अनुसार नाव और जाल का डिजाइन करें। इससे मत्स्य शिकारमही और मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक फायदा हो सकेगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक ने बताया कि राज्य के किसानों को कम खर्च में ज्यादा मुनाफा हो, इसके लिए सीआइएफटी का सहयोग तकनीक के क्षेत्र में लिया जायेगा। हम सीड, मत्स्य उत्पादन में काफी आगे हैं, लेकिन तकनीक का समावेश अगर इस क्षेत्र में होगा तो उसके किसानों के हित में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और उन्हें आर्थिक स्वावलंबी बनाने की राहें आसान होंगी। इस दौरान पर कृषि निदेशक चंदन कुमार, उपनिदेशक गव्य डॉ मनोज तिवारी, मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार भी मौजूद थे।

## एक्वा वर्ल्ड में मैजिकल संडे

# जादूगर करण ने जादू की माया जाल में बच्चों को बांधकर रखा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर के द्वारा आयोजित किए जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में आज मैजिकल संडे पर स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जादूगर करण ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर बच्चों का खूब मनोरंजन किया। बच्चों को सबसे ज्यादा मजा तब आया जब जादूगर ने अपने हैट से टॉफी निकालकर बच्चों को बांटा। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया हुआ था जहां बच्चों को जादूगर के पेट में सर डाल कर फोटो खिंचवाना था। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने जमकर डांस का धमाल मचाया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कभी आयोजन हुआ। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष, धीरज, हसन, शुभोजीत, आदि का योगदान रहा।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचा रहा है झामुमो: संजीव बेदिया

**रीवर साईड ऑफिसर्स क्लब में झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह संपन्न**

**दोतल्ला पंचायत की मुखिया व पूर्व मुखिया ने सैंकड़ों समर्थकों के साथ थामा पार्टी का दामन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में रविवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व संचालन प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित थें। कार्यक्रम में अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी और पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने झामुमो का दामन थामां। इन सभी को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार जन-जन की समस्याओं से अवगत होकर जन कल्याणकारी योजनाओं को नित्य प्रतिदिन लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अब तक के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बनकर राज्य ही नहीं देश में भी अपनी गरिमा स्थापित कर चुके हैं। वहीं पार्टी का दामन थामने के बाद पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने कहा कि झामुमो आंदोलन की उपज है। संघर्ष और आंदोलन के लिए ही झामुमो जाना जाता है। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता ग्यास खान, जिला सचिव विनोद कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा, अनिल एक्का, उदय मालाकार, बिरेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता मुकेश राउत, पूनम देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थें।

**इन लोगों ने थामा झामुमो का दामन**

दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी और पूर्व मुखिया लव कुमार महतो के नेतृत्व में झामुमो का दामन थामने वालो में चोरधरा पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह उर्फ दारा, रोशन कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार ददन, सीमा कुमारी, हमीदा खातुन, सोनाई देवी, रेखा देवी सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# कलाकारों ने मिट्टी से उकेरी झारखंड की संस्कृति




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा झारखंड कला जतरा - फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी के अंतर्गत 2 दिवसीय क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग प्रशिक्षण शिविर रविवार को सम्मान प्रदान करने के साथ साथ संपन्न हो गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत उपस्थित थे।

कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा के प्रांगन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रसिद्ध मूर्तिकार दीपंकर कर्मकार ने बच्चों को इस कला की बारीकियों को सिखाया। इस अवसर पर इस कार्यशाला के संयोजक कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के धनंजय कुमार ने बताया की झारखंड कला जतरा पहली बार आयोजित की जा रही है, जिसमें डोकरा आर्ट, क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, राज्य स्तरीय चित्रकला शिविर चित्रकला एवं कला जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग प्रशिक्षण शिविर मे 25 बच्चे कला की बारीकियों को सीखा। यह कार्यक्रम संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अजय कुमार, रजनी कुमारी, हर्ष के साथ निशिकांत मंडल, राजेश लोहरा का सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया।

# जमीन के अभाव में लटकी हैं तीन परियोजनाएं, नहीं मिल रहा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेकन के पास रेलवे ने अंडरपास का निर्माण किया है, लेकिन, एप्रोच रोड बनाने का कार्य पिछले चार वर्षों से रुका हुआ है। इस कारण लोगों को अंडरपास का लाभ नहीं मिल रहा है। डीपीएस स्कूल के सामने से अंडरपास तक एप्रोच रोड और ब्रिज का निर्माण हो चुका है, लेकिन, विपरीत दिशा में अंडरपास से डिबडीह क्रॉसिंग लाइन तक समानांतर एप्रोच रोड बनना है। इसका काम रुका हुआ है। इसके लिए मेकन से 425 मीटर लंबी जमीन एप्रोच रोड के लिए मांगी गयी है, जबकि, रेलवे की 465 मीटर लंबी जमीन सड़क निर्माण के लिए ली जायेगी. कुल 890 मीटर लंबी सड़क का निर्माण होना है।

## मेकन : रेलवे अंडरपास तो बना पर एप्रोच रोड नहीं

इधर, डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने बताया कि अंडरपास बन कर तैयार है। रेलवे द्वारा अतिक्रमण भी हटाया गया। करीब 25 घरों को तोड़ा गया। उन्होंने कहा कि रेलवे की ओर से अपना कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन, अंडरपास तक जानेवाले एप्रोच रोड के लिए मेकन द्वारा जमीन नहीं दी जा रही है। इस कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, मेकन का कहना है कि इस मामले में इस्पात मंत्रालय को फाइल भेजी गयी है।

वहां से स्वीकृति मिलते ही समुचित कार्रवाई की जायेगी। मालूम हो कि एप्रोच रोड का निर्माण होने से वाहनों को डिबडीह से डोरंडा जाने के लिए रेलवे क्रॉसिंग से जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## 13 वर्षों में नहीं बनी सीयूजे जानेवाली सड़क

केंद्रीय विश्वविद्यालय मनातू जाना जोखिम भरा हो गया है। दो किमी लंबी इस सड़क का निर्माण 13 वर्षों में भी नहीं हो सका है। पांच साल पहले सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी हुआ था, पर भू-अर्जन की राशि अधिक होने के कारण इसका निर्माण नहीं हो सका। तब निर्माण की लागत करीब पांच करोड़ आ रही थी और भू-अर्जन पर निर्माण से 15 गुना से अधिक राशि लग रही थी। बाद में सरकार फिर निर्माण की दिशा में आगे बढ़ी। अभी निर्माण से करीब आठ गुना अधिक भू-अर्जन के लिए राशि लगने का अनुमान है। जमीन के कारण यह योजना लटकी हुई है।

## पिस्का आरओबी का काम ठप

एनएच-23 फोरलेन का काम हो गया है, पर पिस्का रेलवे क्रॉसिंग के पास आज भी स्थिति खराब है। यहां आरओबी (रेल ओवरब्रिज) बनाने के लिए एक साल पहले ही एनएचएआइ ने टेंडर फाइनल कर ठेकेदार को काम दे दिया है, लेकिन जमीन नहीं मिलने के कारण काम फंसा हुआ है।

# 87वें निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुनदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में 87वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था के सक्रिय सदस्य सुधा सुल्तानिया और परिवार के सौजन्य से अपने पूर्वजों, बुजुर्गों और पितर महाराज की स्मृति में श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुधा देवी सुल्तानिया, उनके पुत्र धीरेंद्र, जीतेंद्र अग्रवाल, पुत्र वधु उषा, बाबी अग्रवाल एवं उनके पोते अभिषेक अग्रवाल के द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य गुरु महाराज केभक्त शिष्य पुर्णमल सर्राफ ने भंडारा आयोजक सुधा देवी सुलतानिया, उनके पुत्र धीरेंद्र, जीतेंद्र अग्रवाल, पुत्र वधु उषा,




बाबी अग्रवाल एवं उनके पोते अभिषेक अग्रवाल को अंग वस्त्र और राधा-कृष्ण भगवान की तस्वीर भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया। सेवा कार्य में श्री कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, पवन पोद्दर, धीरेंद्र अग्रवाल, जीतेंद्र अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विशाल जालान, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, महिला समिती की विधा देवी अग्रवाल, सुधा देवी सुल्तानिया, उषा अग्रवाल, बाबी अग्रवाल आदि उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# दो बालिकाओं का विवाह कराया



**गरीबों-जरूरतमंदों की सेवा से होती है सुखद अनुभूतिः तुषार कांति शीट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ के टूटी झरना स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में दो गरीब बालिकाओं का विवाह श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट सहित अन्य समाजसेवियों के सहयोग से कराया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों बालिकाओं के अभिभावक वैवाहिक समारोह के आयोजन में होने वाले खर्च का वहन करने में सक्षम नहीं थे। इसे देखते हुए समाजसेवी तुषार कांत शीट ने अपने सहयोगियों के साथ दोनों बालिकाओं का विवाह मंदिर परिसर में संपन्न कराने और यथोचित सहयोग करने का निर्णय लिया। उनके सौजन्य से नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी दिए गए। नव दंपति को उनके सुखमय जीवन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर आलोक मजूमदार, तन्मय मुखर्जी, अरुण सिन्हा मौजूद थे।

# 24 को आदिम जनजाति समुदाय से सीधा संवाद करेंगी राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आदिम जनजाति समुदाय के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन झारखंड राज्य में पहली बार आगामी चौबीस मई को किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बरकाकाना निवासी सह आदिम जनजाति विकास समिति झारखंड प्रदेश



अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार अगरिया ने बताया कि सीधा संवाद कार्यक्रम आगामी चौबीस मई को रांची में निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति महोदया झारखंड प्रदेश के पीवीजीटी समुदाय के लोगों से रूबरू होकर उनके विकास, प्रगति और उनकी समस्याओं को जानेंगे। इस दौरान झारखंड राज्य के अंतर्गत निवास करने वाले आठ आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से सीधा संवाद स्थापित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के पीवीटीजी बहुल्य जिलों के आदिम जनजाति समुदाय के पाँच-पाँच प्रतिनिधियों का सूची माँगी गई है। चयनित प्रतिनिधि निर्धारित तिथि और समय पर कार्यक्रम स्थल में होंगे, जिसमें गुमला जिला से असुर, हजारीबाग जिला से बिरहोर, लातेहार जिला से बिरजिया, गढ़वा जिला से कोरवा, दुमका जिला से माल पहाड़िया, पलामू जिला से परहईया, गोडा जिला से सौरिया पहाड़िया और पूर्वी सिंहभूम जिला से सबर शामिल है।

# चीन की खराब होती वित्तीय स्थिति

चीन की वित्तीय हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब चीन में वीचैट पर एक पोस्ट ने भूचाल ला दिया। शंघाई फूतुंग विकास बैंक के एक कर्मचारी ने अपने वेतन का स्क्रीन शॉट पोस्ट किया, जिसमें उसका वेतन 70 प्रतिशत काटा गया था और उसे महज 6000 युआन ही वेतन के रूप में मिले थे। इस पोस्ट को शंघाई फूतुंग विकास बैंक के शीर्ष अधिकारियों ने भी देखा और आधिकारिक तौर पर कहा कि ये खबर सच है और कई कर्मचारियों के वेतन में 50 से 70 फीसदी तक की कटौती की गयी है। यह कटौती बड़े पैमाने पर की गई है, न सिर्फ शंघाई के एक बैंक में। इसके चलते बैंक के कई कर्मचारी अपनी नौकरियां छोड़ कर निजी बैंकों, लीज कम्पनी, ट्रस्ट, ऑनलाइन वित्तीय संस्थानों और दूसरे वित्तीय संस्थानों में जा रहे हैं। कुछ निजी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ऑनलाइन वित्तीय संस्थानों ने बताया कि वह निश्चित तौर पर चीन के सबसे बड़े पांच बैंकों में काम करने वाले ऐसे पेशेवरों को अधिक वेतन देंगे क्योंकि उन पेशेवर लोगों ने चीन के राष्ट्रीय बैंकों में काम कर अच्छा अनुभव हासिल किया है और इन्हें ट्रेडिंग सिस्टम और कस्टमर क्रेडिट की अच्छी जानकारी है। इसका एक बुरा असर यह होगा कि राष्ट्रीय बैंकों को प्रतिभाशाली नवयुवक नौकरी के लिए नहीं मिलेंगे

**चीन में वीचैट पर एक पोस्ट ने भूचाल ला दिया। शंघाई फूतुंग विकास बैंक के एक कर्मचारी ने अपने वेतन का स्क्रीन शॉट पोस्ट किया, जिसमें उसका वेतन 70 प्रतिशत काटा गया था और उसे महज 6000 युआन ही वेतन के रूप में मिले थे।**

क्योंकि वे अपनी नौकरी के प्रति सुरक्षा चाहते हैं। सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे चीन आगे बढ़ सकेगा क्योंकि जब वह घरेलू तौर पर कमजोर होगा, तो मजबूती के साथ अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आगे कैसे बढ़ सकता है। चीन के 5वें सबसे बड़े बैंक यानी बैंक ऑफ कम्युनिकेशन्स कंपनी लिमिटेड ने इस वर्ष जनवरी में कहा था कि वो वेतन देते समय कर्मचारियों की परफार्मेंस पर ज्यादा ध्यान देंगे, जिससे बहुत सारे लोगों को बैंक छोड़ना पड़ेगा। सरकारी बैंकों की इस नीति का लाभ निजी बैंक उठा रहे हैं। कुछ वित्तीय जानकारों का कहना है कि चीन सरकार के पास अब इतने पैसे नहीं हैं कि वह अपने बैंक कर्मचारियों को मोटी पगार दे। चीन के सरकारी बैंकों में इस समय मध्य स्तर के कर्मचारियों का वार्षिक वेतन 6 से 8 लाख युआन होता है। साथ में 5 वार्षिक छुट्टियां भी मिलती है। वहीं निजी क्षेत्रों के वित्तीय संस्थान अपने मध्य स्तरीय कर्मचारियों को इससे दोगुना वेतन देते हैं। साथ ही विदेशों में घूमने के लिए लंबी छुट्टियां भी देते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा अलग-अलग लेकिन समवर्ती रूप से किये गये अतिक्रमणों को अब छत्तीस महीने हो गये हैं। विभिन्न स्तरों पर बातचीत के बावजूद चीनी अपनी आक्रामकता छोड़ने का कोई संकेत नहीं दिखा रहे।**

# यूक्रेन युद्ध : 15 महीनों में रूस की अंतरराष्ट्रीय स्थिति तेजी से गिरी

**मनीष तिवारी**



**तुर्की में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एदोर्गान के दो दशक पुराने शासन को उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी केमल किलिकदारोग्लु द्वारा राष्ट्रपति चुनावों में कड़ी चुनौती दी जा रही है, जो अब 28 मई के लिए निर्धारित है। यूरोप में फिनलैंड आधिकारिक रूप से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल हो गया है, यूक्रेन में विकास की प्रतिक्रिया के रूप में अपनी दशकों की तटस्थता को समाप्त कर रहा है।**

दुनिया एक उथल-पुथल में है, विशेष रूप से 2022 की फरवरी के बाद। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को बोलचाल की भाषा में एक विशेष सैन्य अभियान करार दिया गया है, जो अब 15वें महीने में है। उसी वर्ष 4 फरवरी को चीन और रूस ने नये युग में प्रवेश कर रहे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सतत विकास पर एक संयुक्त बयान जारी किया। इसने अमरीका के नेतृत्व वाले नियमों पर आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए उनके वैकल्पिक निर्माण को रेखांकित किया। यह देखते हुए कि ऐसा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से 20 दिन पहले हुआ, यह अपने आप में महत्वपूर्ण है।

भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा अलग-अलग लेकिन समवर्ती रूप से किये गये अतिक्रमणों को अब छत्तीस महीने हो गये हैं। विभिन्न स्तरों पर बातचीत के बावजूद चीनी अपनी आक्रामकता छोड़ने का कोई संकेत नहीं दिखा रहे।

पाकिस्तान अपने प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक और सैन्य प्रतिष्ठान के बीच गतिरोध के कारण आंतरिक विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है। मध्य-पूर्व में चीन की मध्यस्थता से ईरान और सऊदी अरब के बीच एक अनोखा संबंध रहा है। सऊदी अरब में अमेरिका, भारत, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की और इस क्षेत्र के लिए एक सांझा दृष्टिकोण पेश करने की कोशिश की।

**पाक अपने प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक और सैन्य प्रतिष्ठान के बीच गतिरोध के कारण आंतरिक विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है।**

कुछ समय पहले इसराइल, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मोरक्को के बीच अब्राहम समझौते ने इन देशों के बीच संबंधों के सामान्यीकरण का मार्ग प्रशस्त किया और मध्य पूर्व के बड़े हिस्से पर इसका लाभकारी प्रभाव पड़ा।

तुर्की में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एदोर्गान के दो दशक पुराने शासन को उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी केमल किलिकदारोग्लु द्वारा राष्ट्रपति चुनावों में कड़ी चुनौती दी जा रही है, जो अब 28 मई के लिए निर्धारित है। यूरोप में फिनलैंड आधिकारिक रूप से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल हो गया है, यूक्रेन में विकास की प्रतिक्रिया के रूप में अपनी दशकों की तटस्थता को समाप्त कर रहा है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन प्राथमिक दौड़ में एक अमरीकी-भारतीय उद्यमी विवेक रामास्वामी और पंजाब के आप्रवासी माता-पिता से पैदा हुए दक्षिण कारोनिया की पूर्व गवर्नर निकी हैली शामिल हैं। यह उस विविधता का जश्न मनाता है, जो अब अमेरिकी समाज के लिए स्वाभाविक है, जहां वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भारतीय मूल की हैं। ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक सज्जन ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बने। क्या ये परिवर्तनकारी बदलाव या घटनाओं की नियमित हलचल है, जो वेस्टफेलियन राष्ट्रों और मानव सभ्यता के आगे बढ़ने के किसी भी समय होती है, एक महत्वपूर्ण प्रश्न है, जिसे विश्लेषणात्मक रूप से पूछे जाने और उत्तर देने की आवश्यकता है।

कुछ रुझान साफ नजर आ रहे हैं, जबकि अधिनायकवादी शासक अपनी शर्तों पर वैश्विक व्यवस्था को फिर से बनाने की कोशिश करने पर तुले हुए प्रतीत होते हैं। चाहे रूसी नव-स्पष्टवादी इसे पसंद करते हों या नहीं, पिछले 15 महीनों में रूस की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में तेजी से गिरावट आयी है। यद्यपि कुछ राष्ट्र ऐतिहासिक कारणों से रूस के साथ खड़े रह सकते हैं, उन देशों में भी लोगों की सहानुभूति यूक्रेन के साथ है।

इसी तरह, जैसे भारत भी पिछले कॉलम में बताये गये अनुसार पैट्रोलिंग प्वाइंट्स तक पहुंच के नुकसान के बावजूद चीन के सामने डट कर खड़ा रहा है, उसने पेइचिंग में सर्वोत्कृष्ट विशेषज्ञ को स्पष्ट संदेश दिया है कि विस्तारवाद के विरोध की कीमत चाहे जो भी चुकानी पड़े, किया जायेगा। हालांकि विडंबना यह है कि जो लोग विदेशों में शत्रुतापूर्ण सत्तावादी आवेगों का सामना कर रहे हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उदारवाद और लोकतंत्र को अपने-अपने देश में फूलने और खिलने दिया जाये। अन्य विशिष्ट प्रवृत्ति जो बहुत स्पष्ट रूप से उभर रही है, वह यूरोप का पुनः सैन्यीकरण है। यूरोप की लंबी शांति छिन्न-भिन्न हो गयी है। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण हुए भारी विनाश के बाद उसे अब स्वीकार नहीं किया जा सकता।

तीसरी विशिष्ट प्रवृत्ति मध्य-पूर्व में हो रही घटनाएं हैं। यद्यपि इस क्षेत्र में चीनी पदचिन्ह का विस्तार हो रहा है, मध्य-पूर्व में अन्य खिलाड़ी भी अपना दांव लगा रहे हैं। पुराने विरोधी सुलह करते नजर आ रहे हैं और नये गठबंधन सामने आ रहे हैं। यदि पश्चिम एशियाई देशों को रेलवे के एक नेटवर्क के माध्यम से भारतीय बंदरगाहों से जोड़ने के लिए एक प्रमुख बुनियादी ढांचे पर जोर देने की खबर सही है, तो यह बैल्ट एंड रोड पहल के लिए एक प्रमुख प्रत्युत्तर का प्रतिनिधित्व करेगी। चौथी विशिष्ट प्रवृत्ति बढ़ता हुआ स्थान है, जिसे आप्रवासी लोकतांत्रिक देशों के राजनीतिक स्थान में पा रहे हैं। यह उन देशों में अपने लिए जगह बनाने के लिए इन समुदायों के धैर्य और दृढ़ संकल्प का एक संकेतक है, जिसे उन्होंने अपना घर कहने का फैसला किया है।

पांचवां विशिष्ट रुझान यह है कि कैसे प्रौद्योगिकी विशेष रूप से इंटरनेट, सोशल मीडिया और त्वरित संचार के साधन एक महान स्तर बन गये हैं। मुक्त भाषण और आभासी सभ्यता के शस्त्रीकरण के बीच संतुलन एक चुनौती बना हुआ है। हालांकि अब प्रसारण नेटवर्क और प्रिंट समूह की शक्ति दुर्गम नहीं है। क्या यह राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल उभरती हुई एक नई सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था के आधार का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे अधिनायकवाद और दक्षिणपंथी लोकलुभावनवाद के खिलाफ एक मजबूत धक्का-मुक्की के साथ अधिक बहुध्रुवीयता प्रबल होगी, जो आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता देने वाली उदार और लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था को एक नया प्रोत्साहन प्रदान करेगी और कोविड-19 के बाद बढ़ती आय असमानता की खाई को कम करती है।

## जमशेदपुर की खबरें

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में भारतरत्न स्वः राजीव गाँधी के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर स्वः राजीव गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वः राजीव गाँधी के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री दुबे ने कहा आज भारत को दुनियाभर में कम्प्यूटर और आईटी के प्रणेता के रूप में जाना जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर व जवाहर रोजगार योजना लाकर गाँव गाँव में विकास का गंगा बहा दिया। उन्होंने कहा सेटेलाइट के क्षेत्र में भारत बहुत आगे बढ़ा है। सूचना प्रौधोगिकी, गंगा सफाई योजना, मिसाईल प्रक्षेपण, उच्च शिक्षा का विकास, विदेशों में मैत्री संबंध करार कर नौजवानों को नौकरी और व्यवसाय के द्वार खोले, स्वः राजीव को शांति दुत के रूप भी जाना जाता है। स्वर्गीय राजीव गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर नौजवानों को नौकरी मिला और व्यवसाय के अवसर मिले। लघु उधोग और गृह उधोग के अवसर बढ़े है। स्वः राजीव गाँधी के कार्य हम सबों के बीच यादगार स्वरूप है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे,प्रदेश सचिव राकेश तिवारी,प्रभात रंजन श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, फिरोज खान, सुखदेव सिंह मल्ली,अंसार खान, जितेन्द्र सिंह, पवन कुमार बबलू, बिरेंद्र पाण्डेय, अरूण कुमार सिंह,बिजय सिंह,अशोक सिंह क्रांतिकारी,पवन बिहारी ओझा, मो सलीम खान, कमलेश कुमार, मो शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, इंदुभुषण यादव, सूर्या राव, अमित दुबे, राजकुमार वर्मा, ज्योति मिश्र,नलिनी सिन्हा सहित कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्तागण शामिल रहे।

# आदित्यपुर में हाइटेक थाना भवन का एसपी ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना में नव निर्मित हाईटेक भवन जनता को समर्पित कर दिया गया। रविवार को जिले के एसपी आनंद प्रकाश के हाथों फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद नए भवन का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रशिक्षु आइएएस सुमित ठाकुर, एसडीपीओ हरविंदर सिंह,थाना प्रभारी राजन कुमार,जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह, कांग्रेसी नेता सुरेशधारी, सत्य प्रकाश, जेपी सिंह, ज्ञानवी देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं थाना कर्मी मौजूद रहे। विदित हो कि करीब 2.47 करोड़ की लागत से निर्मित नए थाना भवन तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं का ख्याल रख कर बनाया गया। नया थाना भवन पूरी तरह से हाईटेक बनाया गया। करीब 9 महीने में थाना भवन बनकर तैयार किया गया। झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की ओर से इसका निर्माण कराया गया। एसपी आनंद प्रकाश ने क्षेत्र के लोगों को नए थाना भवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मौके पर थाना प्रभारी के कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा इनके नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है। जो भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया राज्य सरकार पुलिस को हाईटेक बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा आदित्यपुर थाना जिले का सबसे महत्वपूर्ण थाना है। इसलिए यहां के पुलिसकर्मियों एवं जवानों को हाईटेक बनाने की व्यवस्था की जाएगी। क्षेत्र के आबादी को देखते हुए यहां संसाधन बढ़ाए जाएंगे। जिसमें नए चार पहिया और दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।पुलिस पदाधिकारियों को लैपटॉप तक दिया जाएगा। ताकि अपराध और साइबर क्राइम पर रोक लग सके। एसपी ने कहा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर जिन केसों का निष्पादन हो चुका है उन्हें जल्द ही डिस्पोजल किया जाएगा। साथ ही जिले को दो और नए थानों की सौगात जल्द मिलेगी। चांडिल एवं आरआईटी थाना के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# डूब कर मरे सृजन राज के परिजनों से मिले भाजपा नेता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मानगो सुभाष कॉलोनी के रहने वाले डालसा के अधिकारी संजय सिंह के बेटे का झिलिंगोड़ा के खरकाई नदी में डूबने से मौत हो गया। रविवार को जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक कुणाल सारंगी मृतक के परिजनों से मुलाकात की। मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल सारंगी और विकास सिंह ने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक व्यक्त कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। वही मृतक सृजन की मां का रो रो कर बुरा हाल है। पिता संजय सिंह ने बताया सृजन की मां का इलाज सीएमसी वेल्लोर से चल रहा है। वह शारीरिक रूप से बहुत कमजोर है। दो दिन से पानी तक नहीं पी। उसकी स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा स्व.सृजन का पोस्टमार्टम सरायकेला में किया गया। पोस्टमार्टम करने के दौरान तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर पैसे की मांग की गई। किसी को मामले में जानकारी नहीं दी। प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने मामले को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया। मौके पर मनोज ओझा ,अजय लोहार,राम सिंह कुशवाहा सहित सोसाइटी के लोग मौजूद रहे।

# बिरसा नगर में शिव मंदिर का तीन दिनी कार्यक्रम 25 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के पहल पर बिरसानगर जोन नंबर 2बी ओमनगर में नव निर्मित भव्य शिवधाम मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर में भगवान भोलेनाथ समेत अन्य देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 23 मई से किया जाएगा। रविवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया तीन दिवसीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा विधायक सरयू राय सहित भाजपा के वरीय नेता गन शामिल होंगे। तीन दिवसीय समारोह को संपन्न कराने के लिए बिहार से स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज के साथ पुरोहितों का दस सदस्यीय टीम शामिल होंगे। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महासचिव सह भाजमो नेता रामनारायण शर्मा ने बताया प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ 23 मई को कलश यात्रा से किया जाएगा। बिरसानगर गुड़िया मैदान से बस में सभी श्रद्धालु सोनारी दोमुहानी जाएंगे। वहां से जल लेकर सभी श्रद्धालु पुनः गुड़िया मैदान पहुंचेंगे। जहां से ढोल नगाड़ा के साथ पैदल मंदिर प्रस्थान करेंगे। शाम चार बजें से पंचांग पूजन, प्रवचन एवं भजन का कार्यक्रम किया जाएगा। कलश यात्रा के दूसरे दिन 24 मई को बेदी पूजन व अधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शाम में देवताओं का नगर भ्रमण कराया जायेगा। अंतिम दिन 25 मई को प्राण प्रतिष्ठा,रुद्राभिषेक व अन्य धार्मिक अनुष्ठान मैं सैकड़ों लोग शामिल होंगे। मनीष जी के द्वारा प्रस्तूत की जाएगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम के तीनों दिन मंदिर समिति के द्वारा मंदिर परिसर को भव्य रूप से बिजली साज सज्जा से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया

बिरसानगर जोन नंबर 2बी ओमनगर में नगर विकास विभाग की ओर से एक तालाब का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया पूर्व में क्षेत्र का स्थिति काफी दयनीय था विधायक के पहल पर सड़क नाला सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। आने वाले समय में वहां स्थानीय लोग शादी-ब्याह के अलावे अन्य सामाजिक कार्यक्रम कर सकेंगे। साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों के लिए किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तीनों दिन भजन गायक मनीष कुमार द्वारा भजन प्रस्तूत किया जाएगा। उन्होंने शहर के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य की भाग्य बनने की अपील की। मौके पर भाजमो महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मंजू सिंह, आकाश साह, सरस्वती खामरी, रेशमा सोय समेत अन्य मौजूद रहे।

# झारखंड की संस्कृति की पहचान है मंडा पूजा : अंबा प्रसाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर** मंडा पूजा का आयोजन पाली पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी धुम-धाम से मनाया गया। मंडा पूजा में मेले के साथ-साथ नृत्य का आयोजन भी किया गया । मंडा पुजा समिति अध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्यों के सहयोग से सम्पन्न किया गया। समिति के अध्यक्ष- तीरीत बेदिया, सचिव नरेश बेदिया, कोषा अध्यक्ष प्रदीप बेदिया एवं मुखिया रेखा देवी, मोती नारायण सिंह, रोहन राम बेदिया, पंचायत समिति सदस्य- छोटेलाल बेदिया, दिपक सिंह, देव ,बेदिया राम, विकास बेदिया, रामकृष्ण सिंह जिला परिषद - जयराम बेदिया, जागू बेदिया, मुरली सिंह, मोहन बेदिया, पच्चु बेदिया, निर्मल करमाली, वकील बेदिया, बंधु बेदिया, सुमेश्वर बेदिया, कर्णवीर सिंह, किशोर बेदिया, अरुण त्रिवेणी बेदिया, चन्द्र देव ठाकुर बिहारी बेदिया, अरुण सिंह, विकास बेदिया, राजेन्द्र बेदिया और पाली गांव के पूरे ग्रामीण के सहयोग से मंडा पूजा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री सर्वेश्वरी समूह स्थानीय शाखा ने मंदिर में झाड़ू, अगरबत्ती और माचिस बांटी




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत रविवार को समूह के स्थानीय शाखा द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती व माचिस का वितरण किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह के स्थानीय शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत बाबा बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर, नया खांड़ स्थित गिरजाघर, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में झाड़ू, अगरबत्ती व माचिस का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। गरीब महिलाओं के बीच साड़ी वितरण सहित राहगीरों के लिये पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराया जाता है तथा भविष्य में भी मानव सेवा का कार्य जारी रहेगा। मौके पर व्यवस्थापक संजीव कुमार, अनूप कुमार श्रीवास्तव, नागेन्द्र प्रसाद, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र यादव, धर्मेश कुमार, अनिल कुमार सहित समूह के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भाड़ा के विवाद में ऑटो चालक ने यात्री को लोहे के एंगल से पीटा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** महज 10 रुपये को लेकर उपजे विवाद में ऑटो चालक एवं एक अन्य व्यक्ति द्वारा दबंगई दिखाते हुए एक यात्री को लोहे के एंगल से पीटकर घायल किये जाने का मामला सामने आया है। मनमानी भाड़ा वसूल रहे कुछ ऑटो चालक के हौसले इतने बुलंद हैं कि ये महज तीन किलोमीटर के लिए 20 रुपया भाड़ा वसूलने पर आमादा है एवं यात्रियों के साथ कभी भी अभद्र व्यवहार पर उतर जा रहे हैं। खबर के अनुसार यात्री ऑटो चालक को 10 रुपया भाड़ा दे रहा था किंतु और अधिक 10 रुपये को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद टेपों चालक और एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर लोहे के एंगल और डंडे से पीटकर सिंघीताली निवासी संजय राम, पिता तिलक राम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलावस्था में स्थानीय थाना में सूचना के बाद इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों ने भर्ती कराया। जहां पर तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल संजय ने बताया कि हम टेपों द्वारा सिंघीताली घर से भवनाथपुर बाजार आ रहे थे कि गांव के ही टेंपो चालक सुधांशु चौबे के द्वारा 20 रुपये भाड़ा की मांग की गई, जिसपर हमने कहा कि मेरे पास दस रुपये हैं, अभी ले लीजिए आप गांव के ही हैं, बाकी बचे दस रुपये आपको दे देंगे। इसी को लेकर सुधांशु और उनके एक अन्य साथी द्वारा लोहे के एंगल और डंडे से मारपीट की गयी।

### युवक का शव ओबरा गांव से बरामद शरीर पर चाकू से किया गया है हमला



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली दक्षिणी के निवासी गोपाल चंद्रवंशी के 23 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार का शव गढ़वा स्थित ओबरा गांव में मिला है। जानकारी के अनुसार बुका निवासी बखोरी राम के पुत्र विश्वनाथ राम मृतक मंटू कुमार को अपने मामा के यहां नगर स्थित पाल्हे ग्राम में बारात जाने के लिए लेकर गया था। जहां से टंडवा (ओबरा) के लिए बारात गई थी। वहीं बारात में ही मृतक के साथ अन्य लोगों के साथ कुछ कहा सुनी हुई थी। फिर अहले सुबह चार बजे मृतक के घर फोन आया कि आपका लड़का का शव ओबरा रोड पर पड़ा है। आनन फानन में जब परिजन वहां पहुंचे तो देखा कि मृतक के शरीर में चाकू गोदा गया है। जिसमें उसके बुरी तरह चेहरा पर वार किया गया है। तब परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा सदर हॉस्पिटल भेज दिया है। परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच में जुट गई है। इधर अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

**कार्यक्रम :** झामुमो की संगठनात्मक चर्चा सह विचार गोष्ठी में मंत्री मिथिलेश ने कहा

# संगठन सर्वोपरि, संगठन मजबूत होगा तो कार्यकर्ता खुद-ब-खुद होंगे सशक्त

**कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें एवं जनता को उनके लिए किये जा रहे कार्यों को बतायें**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठनात्मक चर्चा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सर्वोपरि है। कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। सभी लोग मिलकर पूरे दमखम के साथ संगठन को मजबूत करें। संगठन मजबूत होगा तो कार्यकर्ता खुद-ब-खुद मजबूत हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन में ईमानदारी से काम करें। उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखना नहीं पड़ेगा। आपका काम ही आपको पहचान दिलाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व के 18 साल में विकास का कोई भी काम नहीं हुआ है, परंतु साढ़े तीन साल में हेमंत सरकार ने जो काम किया इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। कोई भी अगर साढ़े तीन साल के कार्यों को 18 साल से कम साबित कर दे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि हम अपनी बातों को जनता के बीच ठीक से नहीं रख पा रहे हैं। सभी कार्यकर्ता पार्टी के नीति, सिद्धांत एवं सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं। भाजपा ने हमारी सरकार को बदनाम करने के लिए ईडी से लेकर सीबीआई तक पीछे लगा दिया। जो सरकार गरीबों का काम कर रही है, जनता की चुनी हुई सरकार है इसे बदनाम कर जनता की प्रतिष्ठा एवं वोट को बेवजह कलंकित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार नियोजन के मुद्दे पर रोजगार और नौकरी देने में पूरी तरह सफल नहीं हो सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी बाध भाजपा है। भाजपाई नहीं चाहते कि हमारी सरकार में लोगों को रोजगार मिले। झारखंड सरकार ने नियोजन नीति बनाया तो भाजपा ने कोर्ट में केस कर उसे खारिज कर दिया। कार्यकर्ताओं निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जनहित का काम करें। किसी भी अधिकारी की मजाल नहीं है कि वह नहीं सुनेगा। कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें एवं जनता को उनके लिए किए जा रहे कार्यों को बताएं। मौके पर भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, गुलाब सिंह, संतोष केशरी, कार्तिक पांडेय, संजय सिंह छोटू, राजकिशोर यादव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंचन साहू, मदनी खान, ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नीलू खान, आशुतोष पांडेय, अजय ठाकुर, परेश तिवारी, नवीन तिवारी, आशीष अग्रवाल, गायत्री गुप्ता, चंदा देवी, आराधना सिंह, रेखा पाठक, मीना देवी, नसीम अख्तर, विनोद चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शरीफ अंसारी ने किया।

## मुखिया की मनमानी से हमेशा बंद रहता है प्रज्ञा केंद्र

**प्रज्ञा केंद्र संचालक ने सीओ को आवेदन देकर मुखिया पर मनमानी करने और बार-बार ताला बदलने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** एक ओर जहां सरकार आमजनों को सुविधा पहुचाने के लिए पंचायत के सभी पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र संचालित कर आमजनों की समस्या के समाधान के लिए अथक प्रयास कर रही है। वहीं भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी (क) पंचायत के पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र मुखिया की मनमानी के कारण अधिकांश बंद रह रहा है। जिससे पंचायत वासियों का आय, जाति, निवास, आधार कार्ड सहित प्रज्ञा केंद्र से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मदगड़ी (क) पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र के संचालक उपेंद्र कुशवाहा ने भंडरिया सीओ के नाम एक लिखित आवेदन देकर पंचायत के मुखिया प्रेमनी देवी पर मनमानी करते हुए बार-बार पंचायत सचिवालय का ताला बदले जाने का आरोप लगाया है।

प्रज्ञा केंद्र के संचालक उपेंद्र कुशवाहा के द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार पंचायत के मुखिया के द्वारा पंचायत सचिवालय के मेन गेट का ताला बार-बार बदल दिया जाता है तथा चाबी भी मुहैया नहीं करायी जाती है। जिस कारण प्रज्ञा केंद्र सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। प्रज्ञा केंद्र से संबंधित कार्य के लिए प्रतिदिन लोग काफी संख्या में पंचायत सचिवालय पहुंचते हैं। पर पंचायत सचिवालय का ताला बंद रहने के कारण प्रज्ञा केंद्र से बिना काम कराए ही मायूस होकर बैरंग वापस लौट जाते हैं। प्रज्ञा केंद्र के संचालक भी पंचायत सचिवालय के बाहर बैठकर पंचायत सचिवालय खोले जाने का इंतजार करता रहता है।

इस संबंध में सीओ मदन महली से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मदगडी (क) पंचायत मुखिया प्रेमी देवी के द्वारा मनमानी किए जाने का आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में जांच की जाएगी जांच के क्रम में मुखिया के द्वारा मनमानी किए जाने की बात सही पायी जाएगी तो उच्च अधिकारियों को मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु लिखा जाएगा। ऊपर से पंचायत के सभी पंचायत सचिवालय में शत प्रतिशत प्रज्ञा केंद्र में उपस्थित रहकर कार्य करने का निर्देश प्राप्त है।

## आदिम जनजाति परिवारों के बीच बैठक में पीवीटीजी समन्वय समिति का गठन

**अध्यक्ष गुड्डू कोरबा, सचिव शिवशंकर कोरबा व कोषाध्यक्ष सुर्यदेव कोरबा किये गये चयनित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया के ग्राम नौका कोरवहटी टोला में रविवार को जेएसएलपीएस के वाईपी उड़ान शिवम शेखर पति व पीभीटीजी बदलावकर्ता विरेंद्र कोरबा के नेतृत्व में पीभीटीजी समन्वय समिति गठन को लेकर आदिम जनजाति परिवारों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पीभीटीजी समन्वय समिति के अध्यक्ष गुड्डू कोरबा, सचिव शिवशंकर कोरबा व कोषाध्यक्ष सुर्यदेव कोरबा का चयन किया गया। जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस के शिवम शेखर पति ने बताया कि इस समिति को बनाने का मुख्य उद्देश्य है कि कोरबा परिवार के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। यह समिति नियमित रूप से साप्ताहिक बैठक करेगी एवं एक निश्चित की गई राशि समिति में जमा करेगी। इस राशि का उपयोग समाज के विकास, अपने क्षेत्र के विकास व ग्राम की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में किया जाएगा। जिसमें आजीविका विकास, अपने संस्कार, रीतियों एवं तकनीकों को विलुप्त होने से बचाना एवं उनका ज्ञान अपनी नई पीढ़ी को देने का भी काम किया जाएगा।

मौके पर सरीता देवी, कलिया देवी, शांति देवी, रुद्रनी देवी, लक्ष्मी देवी, रूदनी देवी, लक्ष्मी देवी, जितन कोरवा, अमरुद कोरवा, सुनील कोरबा सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## सभी दुष्कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन



**अनुसूचित जाति की नबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें गत दिनांक 18 मई को पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा ग्राम में अनुसूचित जाति की नबालिग बालिका के साथ छह युवकों ने अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ-साथ मारपीट की एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा वीडियो भी बनाया। बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुये हुए हुसैनाबाद से मेदनीराय मेडिकल कॉलेज में बेहतर उपचार हेतू रेफर किया गया है। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित बालिका की मां ने आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा उक्त घटना की कड़ी भर्त्सना करती है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है एवं जिला प्रशासन से मांग करती है कि कुकृत्य करने वाले तमाम अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करे। नहीं तो वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन पलामू की होगी।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रमंडल प्रभारी रविन्द्र पासवान, जिला प्रवक्ता गढ़वा संजय कुमार, जिला कोषाध्यक्ष गढ़वा विजय पासवान, जिला संरक्षक बिंदेश्वरी पासवान, जिला संरक्षक सुनील कुमार पासवान, दीनदयाल पासवान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### भारत में कंप्यूटर युग के जनक थे राजीव गांधी : अलख निरंजन चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अलख निरंजन चौबे ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजीव गांधी भारत में कंप्यूटर युग के जनक थे। उन्होंने देश को सूचना क्रांति में ले जाने का कार्य किया था। राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे। 18 वर्ष के युवाओं को मतदान करने का अधिकार भी उन्होंने ही दिया था। अपने पारदर्शी एवं दूरदर्शी चिंतन की बदौलत देश को 21वीं सदी में ले जाने की कल्पना करने वाले वे अकेले नेता थे। गांधी जी के स्वराज के मंत्र को उन्होंने सत्ता के विकेंद्रीकरण के रूप में धरातल पर उतारने का काम किया और पंचायती राज संस्थाओं की मजबूत नींव रखी। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने भारत को एक नया आयाम देने का काम किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना का श्रेय इनको ही जाता है। प्राथमिक स्तर पर ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड आंदोलन चलाने का काम इन्होंने किया था। समाज के सभी वर्ग के बच्चे इससे लाभान्वित हुए थे। जवाहर रोजगार योजना चलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का उनका प्रयास सराहनीय रहा था। आज उनकी पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं एवं कमजोर वर्गों के लिए जो योजनाएं चलाईं वो भारतीय इतिहास के सुनहरे पन्ने में सदा दर्ज रहेंगे।

### अश्लील वीडियो वायरल मामले में पुलिस ने सहायक अध्यापक को लिया हिरासत में



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड के कर्णपुरा निवासी सह सहायक अध्यापक जय कुमार गुप्ता का एक सातवीं वर्ग की छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में जय कुमार गुप्ता अपने निजी कोचिंग संस्थान में एक सातवीं वर्ग की छात्रा से अश्लील हरकत करते नजर आये हैं। जिसकी जानकारी के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई। इधर मामला बढ़ने की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस ने जय कुमार गुप्ता को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इधर कोचिंग संचालक सह सहायक अध्यापक जय कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं निर्दोष हूं, मुझे कुछ लोगों के द्वारा फंसाया जा रहा है।

**कार्यक्रम :** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक सह हॉकी प्रशिक्षक को बारह हॉकी स्टीक और छह गेंद प्रदान किया

# शिक्षक संघ जिले के छात्रों के सर्वांगीण विकास का यथासंभव प्रयास करता है : जिलाध्यक्ष

**खेल प्रशिक्षक गढ़वा जिले के बच्चों को हॉकी में प्रशिक्षित कर गढ़वा जिले को पदक हासिल कराने का कार्य करें : ओमप्रकाश गुप्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के द्वारा आज संघ भवन में भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी को गढ़वा जिले में बढ़ावा देने हेतु विधायक प्रतिनिधि (खेल) ओमप्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में शारीरिक शिक्षक सह हॉकी प्रशिक्षक संतोष कुमार को बारह हॉकी स्टिक एवं छह गेंद प्रदान किया गया।

हॉकी स्टिक वितरण कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक प्रतिनिधि (खेल) ओमप्रकाश गुप्ता को जिलाध्यक्ष सुशील कुमार एवं उपस्थित समस्त संघीय शिक्षक नेताओं के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि (खेल) ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि आज का यह हॉकी स्टिक वितरण कार्यक्रम किसी खेल संघ या ओलम्पिक संघ के द्वारा आयोजित नहीं किया गया है, बल्कि झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वा के संघीय शिक्षक नेताओं एवं खेल प्रेमियों के द्वारा किया गया है जो बहुत ही आश्चर्यजनक एवं उत्साहवर्धक पहल है। मैं इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूं। साथ ही खेल शिक्षक सह प्रशिक्षक सतोष कुमार से यह उम्मीद करता हूं कि अपने इस हुनर से गढ़वा जिले के बच्चों को हॉकी खेल में बखूबी तरीके से प्रशिक्षित करेंगे और आने वाले समय में हॉकी खेल में गढ़वा जिले को पदक हासिल कराने का कार्य करेंगे। विधायक की तरफ से यथासंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा शिक्षक हित की ही नहीं, जिले के समस्त छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं हित की सोच रखते हुए उसे कार्यान्वित करने का यथासंभव प्रयास भी करता है। इसी कड़ी में आज गढ़वा जिले के अध्ययनरत छात्रों को हॉकी खेल में दक्ष बनाने हेतु खेल शिक्षक सह प्रशिक्षक संतोष कुमार को गेंद सहित बारह हॉकी स्टिक प्रदान किया जा रहा है। गढ़वा जिले में हॉकी स्टेडियम का अभाव है जिसे माननीय विधायक प्रतिनिधि (खेल) के माध्यम से स्टेडियम निर्माण करने की मांग शिक्षक संघ के द्वारा की जाती है। हमें उम्मीद है कि गढ़वा जिले में भी राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देने में प्रशासनिक एवं विधायिका स्तर पर सर्वांगीण सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही साथ यह शिक्षक संघ खेल प्रेमी नोब्सजाहिद के प्रोपराइटर जाहिद को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला सचिव नागेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष सरफुल्लाह अंसारी, शारीरिक शिक्षक संजय करमाली, परियोजना बालिका उवि रंका के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, परियोजना बालिका उवि मंझियाव के प्रधानाध्यापक डॉ महताब आलम समेत अन्य उपस्थित थे।

## मंदिर परिसर के लिए घर तोड़ कर जमीन दी दान

**जमीनदाता गांव के प्रख्यात अमीन शिव नारायण सिंह की क्षेत्र के लोग कर रहे सराहना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मनुष्य का अच्छा कर्म ही धर्म है, धर्म और दान की महिमा सभी धर्म ग्रंथों में मिलती है। इसी को ध्यान में रखकर मेराल प्रखंड के गोंदा गांव के ऐतिहासिक देवी धाम का भव्य मंदिर निर्माण का कार्य लोगों के बढ़-चढ़कर दान देने से हो रहा है। इसी कड़ी में रविवार को गांव के प्रख्यात अमीन शिव नारायण सिंह के द्वारा नवनिर्मित भव्य देवी धाम मंदिर के सामने अपने पुराने खपरैल मकान को तोड़कर जमीन दान देकर ग्रामीणों का दिल जीत लिया। इस मौके पर शिवनारायण सिंह की पत्नी, उनके पुत्र अमीन हरेंद्र सिंह, मंदिर निर्माण समिति के सचिव अमित कुमार साह, संयुक्त सचिव दिवाकर कुमार, उप कोषाध्यक्ष विजेश्वर प्रजापति, मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, वीरेंद्र साह, कृष्णा साह, बुटाली प्रजापति, रामाकांत प्रजापति, अर्जुन साह, देवेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत (शंभू) दुबे ने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य में दान देने से सात पीढ़ी तर जाती है, इसी को ध्यान में रखकर गांव के लोगों ने अपनी क्षमता से अधिक दान देकर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य करा रहे हैं, जिसका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गांव के ऐतिहासिक देवी धाम के पास जमीन कम थी। भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखने के समय ही अमीन शिव नारायण सिंह जी के द्वारा मंदिर परिसर के लिए अपना पुराना मकान को तोड़कर जमीन दान देने की घोषणा की गई थी, जिसे आज पूरा कर बड़ा महान कार्य किया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 मई, 2023
www.azadsipahi.in



### सिल्ली विधायक ने किया 20 लाख की लागत से बननेवाले तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास

# पानी की कमी को पूरा करने के लिए बड़े स्तर पर कराया जा रहा तालाब का निर्माण : सुदेश महतो




तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सिल्ली विधायक सुदेश महतो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने प्रखंड के चोकाहातू गांव में भूमि संरक्षण विभाग से 20 लाख की लागत से बनने वाली तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में अपना जलस्त्रोत होने के लक्ष्य को लेकर बड़े स्तर में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। तालाब निर्माण से खेती में मदद मिलेगी। साथ ही मछली पालन के अवसर मिलेंगे। इस मौके पर चितरंजन महतो, रमेश सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का झारखंड बंद 25-26 मई को

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड के सात जिला में ओबीसी रोस्टर में शून्य प्रतिशत करने के विरोध में 25-26 मई को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की ओर से झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। साथ ही मशाल जुलस भी निकाला जाएगा। इसका निर्णय पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की रविवार को महात्मा गांधी धर्मशाला में हुई बैठक में लिया गया। संर्घष समिति के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक जितेंद्र कश्यप, जिलाध्यक्ष महादेव साहू, संरक्षक शिवनारायण गंझू, उपाध्यक्ष अनूप साहू और सयू अंसारी, महामंत्री रंजीत प्रसाद और किशोर गंझू मंत्री राजेंद्र प्रजापति, दिलीप कुम्हार, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, आदित्य प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष उमेश चौधरी, संगठन सचिव धनेश्वर हजाम, संगठन सचिव सुबोध जयसवाल, मीडिया प्रभारी रोशन लाल गंझू युवा अध्यक्ष कमलेश महतो, युवा उपाध्यक्ष विक्की गुप्ता और सौरव कुमार साहू को बनाया गया। मुख्य संरक्षक जितेंद्र कश्यप ने कहा कि खूंटी में राष्ट्रपति आने वाली हैं इसलिए 25 को खूंटी जिले में बंद नहीं रहेगा।

## बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में चल रहे समर कैंप में पहुंचे सुदेश महतो, खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में आयोजित समर कैंप में रविवार को विधायक सुदेश महतो भी शामिल होने पहुंचे और प्रशिक्षु तीरंदाजों से मिले। उन्होंने कहा कि तीरंदाजों के लिए 15 दिन के समर कैंप में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक प्रशिक्षु तीरंदाजों के व्यक्तित्व विकास पर मेहनत कर उनके भविष्य को निखारने वाले कई आयामों से रूबरू करा रहे हैं। अवसर मिलेंगे। इस मौके पर चितरंजन महतो, रमेश सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सिल्ली विधायक की पहल पर शुरू हुआ सड़क निर्माण

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत डोकाद पंचायत के बेला गांव के नदी किनारे तक का मिट्टी मोरम सड़क का निर्माण विधायक सुदेश महतो की पहल पर शुरू किया गया। ग्रामीणों ने नदी तक जाने के लिये सड़क की मांग विधायक के समक्ष रखी थी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए तत्काल अपने स्तर से मिट्टी मोरम का सड़क बनवा दिया है। सड़क इस दौरान जिला सचिव सह पंचायत प्रभारी धनंजय महतो, आजसू पार्टी के वरीय कार्यकर्ता मोहन महतो, बबलू, बुद्धिजीवी मंच के चौधरी महतो, विद्याधर प्रकाश, विशेश्वर महतो, विकास साहु आदि उपस्थित थे।

### विधायक सुदेश महतो के प्रयास से पंडाडीह से महादेवबेड़ा तक बनायी गयी सड़क

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पंडाडीह पंचायत के पंडाडीह गांव से महादेवबेड़ा शिव मंदिर तक का मिट्टी मोरम सड़क का निर्माण विधायक सुदेश महतो की पहल पर किया गया। ग्रामीणों ने महादेवबेड़ा तक जाने के लिये सड़क की मांग विधायक के समक्ष रखी थी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए तत्काल अपने स्तर से मिट्टी मोरम का सड़क बनवा दिया है। सड़क निर्माण के दौरान चितरंजन महतो, रमेश सिंह मुंडा, बाप्पी ठाकुर, शिव राम सिंह मुंडा, राहुल बटोब्याल, पुलकेश्वर पुराण आदि मौजूद थे।

### राजधर साइडिंग में सेवानिवृत्त ऑपरेटर को दी गयी विदाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर सायडिंग में सम्मान समारोह आयोजित कर साइडिंग से सेवानिवृत हुए इनपीट ऑपरेटर रामप्रकाश महतो को विदाई दी गई। सायडिंग में कार्य कर रहे कामगारो ने उन्हें अंग वस्त्र और उपहार देकर विदाई दी। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सायडिंग मैनेजर अनुज कुमार, अर्जुन प्रसाद महतो, करीम खान, नंदलाल, सुनील कुमार साहू, रंजीत कुमार महतो, राजन मुंडा, रामजतन गंझू, पिंटू कुमार साव, मोहम्मद इस्माईल, झामो टाना भगत, मनी टाना भगत, शांति टाना भगत, किशमी देवी, झनवा देवी और रूपनी देवी आदि थीं।

### कलश यात्रा के साथ प्रांरभ हुआ पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय बस्ती स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान रविवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। महायज्ञ के पहले दिन मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ राय की मुखिया शीला देवी ने किया। कलश यात्रा में कुल 675 महिला श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश रखकर जय श्री राम के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। इसके बाद सपही नदी के तट पर बनारस गुरुकुल से आए आचार्य अमित शास्त्री एवं अन्य ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर कलश में जल भरवाया और यज्ञ मंडप में स्थापित किया। इसके साथ ही वरुण पूजन, पचांग पूजन, पुनः क्रम कुटी, जलाधिवास नित्य हवन, संध्या आरती, रात्रि में गुरुकुल से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा धार्मिक प्रवचन शुरू किया गया। वाराणसी के गुरुकुल से आये यज्ञाधीश कैलाश नाथ मिश्र और आचार्य पंडित अमित शास्त्री की देखरेख में सभी अनुष्ठान को कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समिति के नागेश्वर महतो, गणेश कुमार महतो, दुर्गा प्रसाद महतो, संतोष महतो, संतोष प्रजापति, फुलेशवर महतो, एतवारा महतो, जगदीश सोनी, शंकर सिंह, नागेश्वर उर्फ बेगी महतो, पारस कुमार महतो, अशोक महतो, उदय प्रताप सिंह, सुनिल साहु, तुलसी भुईया, राजू गुप्ता, नरेश महतो, कृष्णा साहनी, संतोष प्रजापति, राजीप साहनी, जय कुमार, रेखा देवी, सीता देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, सुचिता देवी आदि शामिल हुई।

## सड़क हादसे में मारे गये युवकों का किया गया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/रड़गांव।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रडगांव के पास रांची-टाटा पथ पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में त्रिलोचन महतो और कैलाश महतो की मौत हो गयी थी। रांची के रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद रविवार को दोनों का पार्थिव शरीर तमाड़ स्थित घर पहुंचा। जहां इस दिन शाम को ही करकरी नदी के किनारे त्रिलोचन महतो, जबकि कोकाडीह सेतिया के किनारे शमशान घाट में कैलाश का अंतिम संस्कार (दफन) किया गया। बतातें चलें कि त्रिलोचन महतो नागासेरेंग उच्च विद्यालय के शिक्षक थे। वो झारखंड आंदोलनकारी भी थे और झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा के अध्यक्ष थे। उधर, कोकाडीह में दो मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। इस दिन गांव में किसी के घर का चूल्हा नहीं जला। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से दुर्गा सोरेन चौक में मिला और एक आवेदन देकर त्रिलोचन महतो की पत्नी को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की। वहीं, तमाड़ विधायक ने भी ट्वीट कर अपूरणीय क्षति बताया। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल्द ही मृतक के गांव जाने की बात कही।

## मोदी सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचायें

### तमाड़ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक रविवार को बादला सामूदायिक भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा उपस्थित थे। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में विषय प्रवेश के साथ अतिथि का स्वागत अध्यक्ष विष्णुपद महतो ने किया। अपने संबोधन में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक और सांगठनिक पार्टी है, जिसके हम सब कार्यकर्ता हैं। इस पर हमें गर्व होना चाहिए। हमें संगठन हित के लिए निरंतर कार्य करना है। बुथ जीतो चुनाव जीतो के तहत हर प्रमुख कार्यकर्ताओं को बूथ समिति समय पर बनाने में मदद करनी चाहिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि हमें महाजनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराया चाहिए। मोदी सरकार ने उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर और चुल्हा, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किसानों को सम्मान जनक आर्थिक मदद, हर घर नल जल योजना के तहत पेय जलापूर्ति की व्यवस्था, करोना जैसी वैश्विक बीमारी के लिए मुफ्त वैक्सीनेशन और दवाईयां देने समेत कई सराहनीय और जनहितकारी कार्य किए। इससे जन-जन को अवगत कराना है। इस मौके पर धनेश्वर महतो, रामधन हजाम, सुधिर मिश्र, राधामोहन महतो, भाजयुमो अध्यक्ष महावीर सोनी, दिनेश साहु, सत्यनारायण महतो, अंगद महतो, लक्ष्मी महतो, जीतनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## कार-बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर





**बुंडू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर कांची पुल पर रविवार को तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। उनकी पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## जनता के हितों के लिए हमेशा काम करता रहूंगा : खीरू महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** मैं जनता का चौकीदार के रूप उनके हितों के लिए काम करता रहूंगा। लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए सुभाष राय और दीपनारायण सिंह को उनके बीच रखा हूं। लोग इन्हें अपनी समस्याएं बताएं, क्योंकि मैं आपके सुविधापूर्ण जीवन देने के लिए ही राज्यसभा सांसद बना हूं। उक्त बातें जदयू के राज्यसभा सांसद व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कही। वे रविवार को जदयू के बाघमारा प्रखंड कार्यालय उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नेताओं व अफसरों के खिलाफ आपलोग आंदोलन का बिगुल फूंके। हम आपके साथ रहेंगे। प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर प्रदेश कमेटी को सूचित करें। रेलवे फाटक के संबंध में विभाग से पत्राचार किया गया है। विभाग ने जवाब भी दिया कि डीपीआर तैयार है। एमपी फंड की राशि गांवों में खर्च करनी होती है, लेकिन जिला के पदाधिकारी दूसरी जगह कर देते है। धनबाद में डीजीएमएस, माइनिंग कार्यालय रहते हुए भी मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। खीरु महतो हमेशा आपके साथ है। नीतीश कुमार का आदेश है कि झारखंड की समस्याओं का समाधान करें। इसके लिए पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करनी होगी। बाघमारा तो पहले से ही जदयू का सिट रहा है। इसबार भी जदयू का विधायक बाघमारा से होगा। वहीं, प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने कहा कि समस्याओं के समाधान को ले पार्टी तत्पर है। कार्यालय खुलने से सुविधा होगी। बाघमारा क्षेत्र में राजनीतिक की जो परिस्थिति है यहां नेता विक्रेता हो गया। प्रखंड, अंचल, थाना या रोजगार का मुदा है उसमें आम आदमी परेशान है। धर्म के नाम पर राजनीति हो रही है। जिन्हें जनता की समस्याओं की चिंता करनी चाहिए वह गोवा और सिंगापुर घूम रहे है। बाघमारा विधानसभा सीट को फिर से जितना है। कार्यक्रम को गठबंधन के नेता बैजनाथ यादव, सुभाष राय, पिंटू कुमार सिंह, बिहार के एएमएलसी विजय सिंह, संजय सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह, प्रदेश सचिव बिंदु देवी, बोकारो जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो, बिहार के एमएलसी विजय सिंह, बैजनाथ महतो, सुभाष राय आदि उपस्थित थे।

## श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड अंतर्गत लोदमु आम बागान के समीप श्रीश्री रामचरित्र मानस नवान्ह पारायन महायज्ञ एवं रासलीला वृंदावन का आयोजन रविवार से शुरू हुआ जो 29 मई तक चलेगा। महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर श्री राम के जयकारा लगाते हुए स्वर्णरेखा नदी तट पर पहुंची, जहां पुरोहित ने मंत्रो उच्चारण के साथ कलश स्थापना करवाया। इसके बाद महिलाएं कलश लेकर लोदमु आम बागान पहुंची जहां कलश विसर्जन किया। नौ दिनों तक चलने वाले महायज्ञ में जगतगुरु धर्मपीठाधीशवर श्री श्री शिव चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज के शब्द प्रेरणा से उत्तराधिकारी स्वामी दीनदयाल जी महाराज काशी एवं आचार्य श्री शंभू नाथ पांडेय शशिकांत मिश्र आदि द्वारा प्रवचन एवं रासलीला किया जाएगा। यह आयोजन यज्ञ समिति लोदमु सिल्ली उत्तरी क्षेत्र के ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. राजीव गांधी, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि स्व राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलकर ही देश, गांव, कस्बा की उन्नति संभव है। कार्यकर्ताओं ने उनके अधूरे सपने को साकार करने का संकल्प लिया। मौके पर जय सिंह नाग , जेम्स तोपनो, गोपाल भगत, फिलोमन हेरेंज, सुनीता गोप, विलसन तोपनो, नरेश तिर्की, एडवर्ड हंस, विजय स्वासी आदि मौजूद थे।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक में वेतन समझौता पर दी गयी बधाई

## मजदूरों की एकता से हुआ ऐतिहासिक फैसला: मुंद्रिका प्रसाद



बैठक में मौजूद यूनियन के लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में रविवार को जरूरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद ने की। बैठक में शनिवार को कोलकाता में हुई कोयला मजदूरो के 11वां वेतन समझौते के ऐतिहासिक फैसले की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने कहा कि यह कोयला उद्योग के मजदूरों की जीत है। मजदूरों की एकता और संघर्ष के कारण ही आज ऐतिहासिक फैसला हुआ है, जिसके लिए पांचों केंद्रीय श्रम संगठन के प्रतिनिधि बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि बेहतर वेतन समझौता के लिए केंद्रीय श्रम संगठन के प्रतिनिधि लगातार प्रबंधन पर दबाव बनाए रखा। जिस कारण आज बेहतर वेतन समझौता हुआ है। उन्होंने केंद्रीय श्रमिक संगठनों के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी कोयला कामगारों को बधाई दी। साथ ही आगे भी इस तरह का संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। बैठक में बाबूलाल राम, बिमल महतो, आईडी मेहता, लखेश्वर लाल, बसंत कुमार, देवेंद्रनाथ मलिक, कौशल कुमार, टिकेश्वर ठाकुर, अनिल कुमार, अरुण सिंह, राजकुमार, रामजीत राम, मो शमशुद्दीन, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, यूनाईटेड कोल वर्क्स यूनियन अशोक परियोजना के शाखा सचिव सह सीसीएल कल्याण समिति सदस्य अरविन्द शर्मा ने भी जेबीसीसीआई 11वां वेतन समझौता होने पर सभी श्रमिक संगठन के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे कोयला मजदूरों की एकता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि आज के परिस्थिति में कोयला प्रबंधन पर दबाव बनाकर इस सरकार से इतना बेहतरीन वेतन समझौता कराना वाकई काबिले तारीफ है।

### आजसू नेता ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्‌घाटन

सिल्ली (आजाद सिपाही)। हाहेलुपुंग न्यू मार्केट बस्ती में रविवार को 63 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्‌घाटन आजसू के क्षेत्रीय प्रभारी सह पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू और रविंद्र करमाली ने संयुक्त रूप से किया। ट्रांसफार्मर पिछले 12 दिनों से खराब था। इससे भीषण गर्मी में भी बस्ती के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था।

## विधायक प्रतिनिधि और जिप उपाध्यक्ष ने किया तालाब में सीढ़ी घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** बांसारुली पंचायत के लेंगहातु के कलवाडीह मोदीडीह गांव में स्थित ठुंठा बाध में दो सीढ़ी घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी एवं मुखिया लालू उरांव ने संयुक्त रूप से किया। निर्माण कार्य विधायक निधि से पांच लाख 50 हजार रुपये की लागत से होना है।

### डॉ राधारमण साहू का किया गया सम्मान

बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद के नव मनोनीत सदस्य डॉ राधारमण साहू को शुंडी संघ की ओर से रविवार को रेलाड़ीह बुंडू में शाल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रिंसिपल भयभंजन साहू, जगबंधु साहू, पूर्व उप प्रमुख विजय कुमार साहू, वीरेंद्र साहू, सुधीर साहू, राजेन साहू, अजीत साहू, पूर्व प्रमुख दिलीप साहू, पंकज साहू, उपेन साहू, राजेंद्र साहू, सचिदानंद साहू, विनोद साहू, नीलेश साहू, आदित्य साहू, बलराम साहू, प्रमोद कुमार साहू, दिलीप कुमार साहू, आशीष साहू, हीरालाल साहू आदि थे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष पूर्ण होने को लेकर भाजपा मंडल ओरमांझी की बैठक आयोजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में आदर्श उच्च विद्यालय पांचा में आयोजित की गयी। इस बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल का 30 जून को सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस सफलता का श्रेय सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का है। जिन्होंने अपनी मेहनत से सरकार बनाने का कार्य किया। इन नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक-एक योजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

इस बैठक के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल टाईगर महतो ने कहा 30 मई से 30 जून तक मोदी सरकार के सैकड़ों योजनाओं का लाभार्थी सम्मेलन करना है एवं समाज के प्रबुद्ध जन को सम्मानित करना है।

इस बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, महामंत्री अलखनाथ महतो, मीडिया प्रभारी राज किशोर साहू, शशिभूषण कुमार, प्रमुख अनुपमा देवी, उपाध्यक्ष, राजधम्म साहू, बालक पहान, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार, कामेश्वर साहू, सिकंदर महतो, निलमोहन पहान, रोहित साहू, भीम मुंडा, नारायण साहू, अशोक पहान, ओमप्रकाश साहू, अनिरुद्ध साहू, बालक महतो, शंकर महतो, प्रकाश महतो, दीपा चौरसिया, कामेश्वर महतो, उलाश महतो, नवीन कुमार साहू, देव नंदन चौधरी, जय प्रकाश महतो, दीपक यादव, अफताब आलम, शशि मेहता, सरोज महतो, प्रदीप साहू, मनेश्वर पहान, तिर्टू महतो, सहदेव महतो, राजकिशोर महतो, राममोहन महतो आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इटकी के बनिया टोली स्थित तालाब परिसर में मां गंगा महाआरती का किया गया आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** नमामि गंगे स्वच्छ गंगे के तहत बनिया टोली स्थित तालाब परिसर में रविवार को रांची के पियूष पाठक द्वारा बनारस की तर्ज पर मां गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती को देखने के लिए तालाब परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी अमित प्रशांत और प्रेम सागर महतो ने आरती के आचार्य पंडित पियुष पाठक को माला पहना कर किया। स्वागत भाषण लाल रामेश्वर नाथ ने किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित पियूष पाठक द्वारा मां गंगे की महाआरती की गयी। इसके पूर्व आयोंजकों द्वारा नमामि गंगे के तहत तालाब की सफाई की गई। कार्यक्रम में कृष्णा राम तिवारी, देवेंद्र महतो, अमित, आलोक सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# 60/40 नियोजन नीति के खिलाफ आंदोलन के समर्थन के लिए जेएसएसयू रांची टीम ने सांसद-विधायकों को घेरा




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले झारखंड प्रदेश के छात्र लगातार 60/40 नीति का विरोध कर रहे हैं और कई एक आंदोलन को एतिहासिक सफल बना चुके हैं। इसके लिए 10 से 25 मई तक सभी 81 विधायक एवं 14 सांसदों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। जिनमें पक्ष विपक्ष के सभी सांसद व विधायक आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। रविवार को छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल राजधानी रांची में विशेष अभियान व तूफानी दौरा करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची सांसद संजय सेठ, झारखंड के कला संस्कृति एवं युवा कार्य मंत्री हफिजुल अंसारी, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, कांके विधायक समरी लाल से मुलाकात कर 60/40 नियोजन नीति के खिलाफ अपना मांग पत्र सौंपा। जिसे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित सभी सांसद-विधायकों ने युवाओं की मांगों को जायज बताते हुए आंदोलन का समर्थन किया और पत्र जारी करने का आश्वासन देते हुए झारखंड सरकार से तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत स्थानीय युवा को प्राथमिकता देने की मांग की। आंदोलनकारी प्रतिनिधिमंडल में सुमित कुमार महतो, रविन्द्र कुमार, रुपेश, लकी रामू, सावना महतो, पप्पु कुरमी, अंगद नायक, गोपाल चौधरी, सुप्रेश महतो, महिपाल महतो, संजय कुमार महतो, प्रदीप महतो, जय मेहता, प्रवीण के साथ सैकड़ों आंदोलनकारी शामिल थे।

# बारीडीह में पड़हा जतरा की तैयारी लेकर बैठक आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह जतरा टांड़ में रविवार को आगामी 3 जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को लेकर 12 पड़हा, 21 पड़हा व केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की मुख्य संरक्षक नीलमणी भगत की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक में पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए जतरा के सफल संचालन के लिए रणनीति बनाया। जिसमें पूजा पाठ की व्यवस्था, लकड़ी से बने प्रतीक चिन्हों में हाथी, घोड़ा,रंपा चंपा की व्यवस्था,पीने का पानी,चिकित्सा, विधि व्यवस्था देखने के लिए ड्रोन कैमरा व वालंटियर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जतरा स्थल में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं जतरा स्थल पर चाक चौबंद व्यवस्था के लिए आठ विभाग बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। मौके पर नीलमणी भगत ने कहा हमें सभी यूनिटों को मिलकर जतरा को सफल बनाना है।प्रो सोमरा उरांव ने कहा जतरा में ज्यादा से ज्यादा खोड़हा दल, झंडा को लाया जाए। वही पड़हा अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा पड़हा जतरा को अक्षुण्ण बनाने वाले पड़हा राजा, महतो, पहान, पुजार व कोटवार को सम्मानित किया जाए। मौके पर सचिव धनंजय कुमार राय, भौवा उरांव, मंगा उरांव, शैलेंद्र उरांव, कुलदीप उरांव, लीला मुंडा, रशीद मीर, श्रवण खान, घिनु उरांव, एतवा उरांव, बंदे उरांव, सुका उरांव, अरुण उरांव, पीटर तिर्की, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, चरवा उरांव, भीखा उरांव, मनरखन बड़ाईक, दिवान बिरवा उरांव, परमेश्वर भगत,एडभोकेट रेणु,मंजू उरांव,प्रभात टोप्पो, भूदेव उरांव,भोला उरांव,सीता राम उरांव,खदी उरांव, जगदीश गोप,सहिंद्र उरांव समेत मांडर, चान्हो,इटकी लापुंग,बेड़ो सिसई प्रखंड के दर्जनों लोग मौजूद थे।

**प्रदर्शन :** प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ कामगारों ने फैक्ट्री के समक्ष किया प्रदर्शन

# न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर कामगारों ने फैक्ट्री का काम किया बंद

**मजदूरों ने बिचौलिये के माध्यम से मजदूरी भुगतान का लगाया आरोप**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** गेतलसूद स्थित विमान फर्नीचर इंडस्ट्रीज कंपनी प्रालि के कामगार सरकार द्वारा निर्धारित न्युनतम मजदूरी सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गये। वहीं प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ भाजपा के फायर ब्रांड युवा नेता संजय नायक की अगुवाई में श्रमिकों ने फैक्टरी गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। श्रमिकों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही श्रम अधिनियम के तहत श्रमिकों को बीमा, चिकित्सा, भविष्य निधि सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्हें सिर्फ मानदेय के तौर पर आधी राशि काट कर भुगतान किया जा रहा है। यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा मजदूरी का भुगतान सीधे कंपनी प्रबंधन द्वारा नहीं कर कुछ बिचैलियों के माध्यम से कराया जाता है। ये बिचैलिए मजदूरों के खून-पसीने की कमाई का आधा हिस्सा गटक जा रहे हैं। श्रमिकों ने यह भी आरोप लगाया कि उनसे आठ घंटा से अधिक काम लिया जा रहा है जो मानव श्रम का घोर उल्लंघन है। श्रमिकों ने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं वे काम पर नहीं लौटेंगे। इधर भाजपा नेता संजय नायक ने मजदूरों की मांगों को जायज करार देते हुए कहा कि प्रबंधन मजदूरों का आर्थिक शोषण कर रही है। मजदूरों को बंधुवा मजदूर की तरह काम लिया जा रहा है और बदले में इतनी पारिश्रमिक दी जा रही है कि उससे मजदूर अपने परिवार के लिए भरपेट भोजन का भी जुगाड़ नहीं कर पा रहा है। प्रर्दशन में किशन नायक, रोहित ठाकुर, जुगेश महतो, रवि किशोर, छोटेलाल महतो, भिमेश्वर महतो, पंकज गोस्वामी, जयनंद महतो, अनिल महतो, विमला उरांव, सविता देवी, पूनम देवी, राधिका खलको, रूबी देवी, लीना देवी, धीरज कुमार आदि शामिल थे।

# भीषण गर्मी से कुआं, तालाब, चापाकल और चुआं सूख गये

**पानी के अभाव में झुलस कर बर्बाद हो गयीं सब्जियां**

**नसीम अहमद सानी**





**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी ने पूरे अनगड़ा प्रखंड में कहर मचा दी है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामीणों को घोर जलसंकट से जूझना पड़ रहा है। इसका असर ग्रामीणों व पशु-पक्षियों के साथ-साथ सब्जियों की फसलों पर भी देखने को मिल रहा है। कुआं, तालाब, चुआं, चापाकल आदि जलस्रोत सुख गये हैं। इससे ग्रामीणों के समक्ष पेयजल के साथ सिंचाई की भी समस्या उत्पन्न हो गयी है। जलस्रोत सुख जाने से किसानों की भी चिंताएं बढ़ गई हैं। खेतों में लगी सब्जी की फसल झुलस कर बर्बाद हो गई है। हजारों की लागत से अच्छी आमदनी का सपना पाले किसानों को अब रोटी के भी लाले पड़ने वाले हैं। ऐसे किसान ज्यादा परेशान हैं, जिनके पास आय का एकमात्र साधन सब्जी की खेती है।

भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर प्रखंड के सिरका पंचायत अंतर्गत मेढ़टुंगरी चौधरी टोला में देखने को मिला। यहां चार कुआं और दो चापाकल पूरी तरह सुख गये हैं। पेयजल के लिए यहां के ग्रामीण काफी दूर एक पहाड़ी जलस्त्रोत से पानी लाने पर मजबूर हैं।

बताया जाता है कि अब वह भी सुखने के कगार पर हैं। यहां के किसान शिबू चौधरी कहते हैं कि चौधरी टोला में 5-6 एकड़ में लोग सब्जी की खेती करते हैं। लेकिन सूर्य की ऐसी तपिश लग रही है कि पानी का जलस्तर पाताल में चला गया है और सब्जी कड़ी धूप में सुख रही है। कहा कि सब्जी फसल के झुलस जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने सरकार और प्रशासन से ऐसे संकट की घड़ी में मदद की गुहार लगायी है।

# मौसम परिवर्तन अनुकूल कम लागतवाली तकनीकी विकास आधारित कृषि करें किसान

**बीएयू में 43वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की बैठक का दूसरा दिन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 43वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की बैठक के दूसरे दिन उत्कृष्ट किसानी कार्यों के लिए मिलेट्स फसल में खूंटी की शिलवंती मुंडू, एलोवेरा में नगरी प्रखंड के देवरी गांव के सुनील कच्छप, सुकरपालन में बड़कागांव, हजारीबाग के नकुल कुमार एवं पोल्ट्री फार्मिंग में अनगडा, रांची के मालिया बेदिया को सम्मानित किया गया। मौके पर सम्मानित किसानों ने आगंतुक अतिथियों एवं वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और उचित कृषि तकनीकी मार्गदर्शन के लिए बीएयू के वैज्ञानिकों का आभार जताया।

दूसरे दिन भी तकनीकी सत्र में कृषि संकाय के विभिन्न विभागों के वैज्ञानिकों ने खरीफ शोध कार्यक्रमों की उपलब्धियों एवं आगामी शोध कार्यक्रमों को पेश किया। बैठक में कृषि विशेषज्ञ डॉ एचएस गुप्ता ने फसल किस्मों के विकास एवं बहुफसलों के विपणन को प्रोत्साहित करने और पोर्टेबल तेल मिल को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता जतायी। परिषद् अध्यक्ष कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने झारखंड राज्य में मिलेट्स फसल अधीन रागी एवं बाजरा के शोध को विशेष बढ़ावा देने, कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित कर खेती का रकबा एवं उत्पादन में वृद्धि, महिला कृषक फ्रेंडली अधिकाधिक टूल्स एवं कृषि यंत्र का विकास, दुमका में आम, लीची एवं अमरूद के अनुसंधान को सशक्त करने और अमरुद के थाई किस्म को बढ़ावा पर जोर दिया। निदेशक, भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत कृषि जैवप्रौद्योगिकी अनुसंधान कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने शोध अध्ययन को अपनाने में मौसम आधारित संपूर्ण फसल प्रबंधन में जैव प्रौद्योगिकी विषयक शोध प्रयासों, जुताई एवं अवशेष प्रबंधन तथा फसलों के पैकेज एंड प्रैक्टिसेज प्रणाली के उन्नयन की बात कही। निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने बताया कि शोध कार्यक्रमों पर गहन और विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ डीके सिंह द्रोन, डॉ बीके राय, डॉ एमएस यादव, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ डीके शाही, डॉ एमके गुप्ता, डॉ एन कुदादा, डॉ एके सिंह, डॉ एके पांडेय आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बेड़ो के पड़हा जतरा समारोह को कार्निवाल का स्वरूप दिया जायेगा : डॉ रवींद्र भगत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पड़हा जतरा हमारी धरोहर है। पड़हा व्यवस्था, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उक्त बातें केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बेड़ो के संरक्षक सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र नाथ भगत ने कही। वे 8 पड़हा के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित गढ़ाटोली गांव के बागीचा में रविवार को हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ में आगामी तीन जून को वार्षिक 57वां पड़हा जतरा समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पड़हा प्रेमियों से इस समारोह में पड़हा निशान लकड़ी के बने हाथी, घोड़ा, बाघ, तेंगरा छाता, मगरमच्छ, रम्पा चंपा, झण्डा, ढोल ढाक, रणभेरी व मांदर के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्राजील व भारत के गोवा में होने वाले कार्निवाल की तर्ज पर इसे विकसित किया जाएगा। वहीं मौके पर 8 पड़हा राजा चरवा उरांव, 21 पड़हा राजा पश्चिमी महादेव उरांव, प्रो. मंगा उरांव, गोयंदा उरांव, सुकरा उरांव व विशु उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। बैठक का संचालन संजय कच्छप ने किया।

# बेड़ो में सांसद सुदर्शन भगत ने किया भगत की रसोई रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद मार्केट में भगत की रसोई रेस्टोरेंट का उद्घाटन रविवार को लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने फीता काटकर किया। मौके पर सांसद ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के पास इस रेस्टोरेंट के खुल जाने से स्थानीय लोग परिवार के साथ आकर अच्छा भोजन व बेहतरीन व्यंजन का आनंद ले सकते हैं। संचालक राकेश भगत ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में वेज और नॉनवेज व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था है। नॉनवेज आइटम में मुख्य रूप से चिकन व मटन के अलावा तमाम वैरायटी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही वेज आइटम में भेज चिल्ली, पनीर चिल्ली, वेज मंचूरियन, फ्राइड राइस के अलावा अन्य व्यंजन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। रेस्टोरेंट में बर्थडे, शादी सालगिरह आदि कार्यक्रम की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। परिवार के साथ आकर एंजॉय कर सकते हैं। राकेश भगत ने बेड़ो वासियों से एक बार सेवा का अवसर देने की अपील की है। मौके पर धनंजय कुमार राय, बीडीओ किस्टो कुमार बेसरा, सीओ असीम बाड़ा, राखी भगत,टीना भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# बेड़ो में कैलाश फार्मा दवा दुकान का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतर टोली में रविवार को कैलाश फार्मा दवा दुकान का उद्घाटन पूजा अर्चना के बाद संचालक मनीष तिवारी की दादी विद्या देवी ने फीता काटकर कर किया। वहीं दुकान के संचालक मनीष तिवारी ने बताया कि यहां डॉक्टर की भी सुविधा मिलेगी एवं दवा भी उचित दाम में दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, भागीरथ तिवारी, मनोज तिवारी, फाल्गुनी नाथ मिश्रा, त्रिपुरारी नाथ मिश्रा, रिषभ कुमार तिवारी, शंकर महतो, सूरज कुमार, अभय नाथ मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुत्र ने की पिता की लाठी से पीट-पीटकर कर हत्या

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मलटी गांव में रविवार को पुत्र बुदू उरांव ने पिता अन्ना उरांव (70) की लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारा पुत्र बुदू उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कल जेल भेजा जायेगा। जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर पिता-पुत्र का आपस में विवाद हो गया। गुस्से में पुत्र ने लाठी से पिता की जमकर पिटाई कर दी, जिसकी उसकी मौत हो गयी। शव को कब्जे में कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है।

**कार्यक्रम :** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा का 9वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह वार्षिक मिलन समारोह आयोजित

# केसरवानी समाज के होनहार विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय महासभा 25000 रुपये का सहयोग देगी : केसरी

**राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने की राजधानी रांची में कार्यालय निर्माण के लिए सांसद कोष से 15 लाख रुपये का सहयोग देने की घोषणा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के बैनर तले रविवार को जगन्नाथपुर स्थित निलाद्री भवन, धुर्वा में वृहत रांची जिला (रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा एवं खूंटी स्तरीय) 9वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी ने केसरिया ध्वजारोहण और केसरवानी राष्ट्रीय गीत से किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय केसरवानी वैश्य महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एसएन केसरी, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद राजसभा सदस्य प्रो. आदित्य साहू, रांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीपी सिंह, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के नवनिर्वाचित महामंत्री संजय केसरी, प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री सुरेंद्र केसरी, राष्ट्रीय संयोजक राजनीतिक समिति आजीवन सदस्य तपेश्वर केसरी, राष्ट्रीय सलाहकार शिव मार्केट गोवर्धन प्रसाद केसरी, गजेंद्र केसरी, राजेंद्र केसरी, दौलत राम केसरी, ओपन यूनिवर्सिटी के उपकुलपति त्रिवेणी नाथ साहू, जिला महामंत्री मनीष केसरी, कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, सह कोषाध्यक्ष राधेश्याम केसरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सागर केसरी, महिला समिति समाज की जिला अध्यक्ष रेखा केसरी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित तथा गोत्र चार्य महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय केसरवानी वैश्य महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन केसरी ने कहा कि शिक्षा के सहारे ही केसरवानी समाज का भाग्य उदय हो सकता है।




केसरवानी समाज का समाज के प्रति सेवा भावना, देश और राज्य के प्रति निस्वार्थ सेवा की पहचान है। केसरवानी समाज के हर व्यक्ति को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि आधा रोटी खाएंगे फिर भी अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के मार्ग पर ले जाएंगे। केसरवानी समाज के होनहार विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय महासभा 25 हजार रुपये का सहयोग देगी।

मौके पर अति विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रो. आदित्य साहू ने कहा कि केसरवानी सभा राजधानी रांची में अपना कार्यालय का निर्माण करें। इस निर्माण कार्य में सांसद कोष से 15 लाख रुपये का सहयोग देने का घोषणा करता हूं।

विशिष्ट अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि देश सेवा में केसरवानी समाज का बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय महासभा के नवनिर्वाचित महामंत्री संजय केसरी ने कहा प्रदेश की राजधानी रांची में यह सफल आयोजन के लिए जिला समिति बधाई की पात्र है। इनके अलावे ओपन यूनिवर्सिटी के उपकुलपति त्रिवेणी नाथ साहू, प्रो प्रेमसागर केसरी, जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी, जिला महिला सभा की जिला अध्यक्ष रेखा केसरी ने भी संबोधित किया। समारोह में जिला केसरवानी वैश्य सभा के पदाधिकारियों ने समारोह में उपस्थित अतिथियों, विभिन्न जिला के अध्यक्ष महामंत्री के साथ-साथ रांची जिला के सभी शाखा के अध्यक्ष महामंत्री को शॉल ओढ़ाकर, शील्ड और बुके देकर सम्मानित किया। समारोह में रांची, गुमला लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी जिला से आये सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियों ने वैवाहिक परिचय दिया। मिलन समारोह में सभा के द्वारा केसरवानी युवा जो अच्छे पदों पर रहकर पर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं उन्हें तथा स्नातक, इंटर, मैट्रिक में 80 प्रतिशत से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के दारा विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। सभा में स्वागत भाषण राष्ट्रीय संयोजक राजनैतिक समिति सदस्य तपेश्वर केसरी, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी, मंच संचालन महामंत्री मनीष केसरी व प्रदीप केसरी और धन्यवाद ज्ञापन सह कोषाध्यक्ष राधेश्याम केसरी ने किया। समारोह में बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित खूंटी गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा से बड़ी संख्या में केसरवानी समाज के लोग शामिल हुए। समारोह को सफल बनाने में रवि केसरी, शिवकुमार केशरी, ईजी. अजीत केसरी केशरी, गोवर्धन प्रसाद, जय प्रकाश तपेश्वर केशरी, गजेन्द्र केशरी, इंजी. मदन केशरी, दौलत राम केशरी, पुनीत केशरी, भोला साहू, संजय चौधरी, उमेश केशरी, हरि कुमार केशरी अनील केशरी, जितेन्द्र केशरी, चेतना केसरी, सुनीता केशरी, शांति चौधरी, गायत्री देवी, संगीता चौधरी चौधरी, मंजू देवी, सावित्री देवी, मोहन साहू, सीताराम केशरी, रामजीवन केसरी, दिनेश केशरी, मुकेश केशरी, रामानंद केसरी, द्वारिका नाथ साहू, दीपक केशरी, कैलाश केशरी, राहुल चौधरी, दिनेश केसरी सहित पिठौरिया, नगड़ी चुटिया, लोधमा, कर्रा बिरदा, ईटकी, बेड़ो, मांडर, खलारी, रातू, फोड़ता, धुर्वा, डकरा, गोन्दली पोखर, चोली, न्यू मधुकम रांची सहित दर्जनों गांवों से सैकड़ों केसरवानी समाज के लोग सम्मेलन में उपस्थित थे।

### विश्रामपुर भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर की गयी चर्चा

# देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए अगली बार भी मोदी सरकार : डॉ ईश्वर चंद्रवंशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा के नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को आरसीआइटी सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन महामंत्री मनीष गुप्ता ने किया। बैठक में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महाजनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीति सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। इसके अलावा संगठन को और विस्तारित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। इसे उच्च शिखर तक ले जाने के लिए अगली बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि जनसंपर्क के दौरान आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्हें मोदी सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दें। पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराएं। इस मौके पर स्वच्छता अभियान के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्रनाथ उपाध्याय, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, किरण देवी, संतोष राम, शिवबंश मिश्रा, संजय साह आदि मौजूद थे।



विश्रामपुर नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता।

# दलित लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का एक और आरोपित गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में विगत दिनों एक दलित नाबालिग लड़की से सामूहित दुष्कर्म किए जाने की घटना में शामिल एक और आरोपित को भी हुसैनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान नीतीश कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वह झरगड़ा गांव का रहने वाला है। हुसैनाबाद पुलिस ने उसे बिहार के नबीनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जिसे रविवार को जेल भेज दिया गया। गौरतलब हो कि गत 18 मई को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित नाबालिग किशोरी से छह युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस बाबत पीड़िता की मां ने छह आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म कांड में अब तक दो आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। उक्त घटना में शामिल बाकि फरार आरोपितों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते थाना प्रभारी।

## हुसैनाबाद में सामूहिक दुष्कर्म की घटना मानवता के लिए शर्मनाक: शशि कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में विगत दिनों दलित नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की पूर्व नपं अध्यक्ष सह चौहरमल कल्याण समिति के जिला महासचिव शशि कुमार ने कड़े शब्दो में निंदा की है। रविवार को उन्होंने कहा कि दोषी युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजे। उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन लोगों का हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। लगे हाथ उन्होंने समाज के लोगों से भी संयम बरतने की अपील की है।



## नगर परिषद ने चार स्थानों पर खोला रिड्यूस्ड रीयूज और रिसायकल सेंटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्यालय में चार जगहों पर रिड्यूस्ड, रीयूज, रीसायकल सेंटर खोला गया। आरआरआर सेंटर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के गोदरमा, कोसियार, झगरुआ व रेहला शुक्रबाजार में खुला, जिसका उद्घाटन नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम व ब्रांड एम्बेसडर सह विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम ने बताया कि रिड्यूस्ड, रीयूज, रीसायकल सेंटर में स्थानीय लोग अपना यूज किया हुआ कोई भी वस्तु जमा करेंगे जिसे रिसाइकल के बाद उसे गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया जायेगा। अभी यह सेंटर नप के पांच वार्डो को मिलाकर चार जगहों पर खोला गया है। जरूरत के हिसाब से सेंटर को और बढ़ाया जायेगा। वहीं, ब्रांड एम्बेसडर राजन पांडेय ने कहा कि सेंटर को खुल जाने से गरीब जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोग इस्तेमाल किया हुआ प्लास्टिक के वस्तु, जूता-चप्पल, कपड़ा, किताब सहित इस्तेमाल की जा चुकी जरूरत की सभी वस्तुओं को फेंके नहीं, बल्कि उसे सेंटर में जमा करे। उसे पुनः इस्तेमाल के लिए तैयार कर जरूरतमंदों को दिया जायेगा। मौके पर कनीय अभियंता अभय राज हंस, मणिभूषण पांडेय, मुबारक अंसारी, सुबोध केशरी, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।




## जेवाइएसएस के तत्वावधान में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जेवाइएसएस एजुकेशन सेल के तत्वावधान में पत्रकार सुनिल विश्वकर्मा की स्मृति में तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी के विश्वा ने बताया कि स्कॉलरशिप टेस्ट में चयनित छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए 50 हजार रुपये तक का स्कॉलरशिप मुहैया कराई जायेगी। इस स्कॉलरशिप टेस्ट का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना है। स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए क्षेत्र के तीन केंद्र हुसैनाबाद बक्शी हाई स्कूल, हैदरनगर राजकीय कृत हाई स्कूल और हरिहरगंज सीता हाई स्कूल में परीक्षा आयोजित की गयी। इस मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में मैट्रिक व इंटर के परीक्षार्थी शामिल हुए।

## विधायक की अनुशंसा पर मिला ट्रांसफार्मर, लोगों में हर्ष

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवरीकला स्थित मिस्त्री लाइन का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से इस भीषण गर्मी में लोग बेहद परेशान थे। ग्रामीणों ने इस समस्या से विधायक कमलेश कुमार सिंह को फोन कर अवगत कराया था। इस पर विधायक ने त्वरित पहल करते हुए तत्काल विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। दूसरी ओर, हैदरनगर प्रखंड के बिलासपुर में 16 केवीए के बदले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। दोनों स्थानों पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीण दीपक रजक, अजय सिंह, सोनू सिंह, मुना सिंह, पूरण राम, रामजी राम, कुणाल सिंह, गुड्डू सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, रंजीत ठाकुर, मीजान खान आदि ने विधायक को धन्यवाद दिया है।

## स्केटिंग में दिखेगा संत मरियम स्कूल के बच्चों का जलवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनर्जी पार्क पटेल नगर में 7वां रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से आयोजित होने जा रहा है, जिसमें संत मरियम स्कूल से पांच स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो, नीरज कुमार, राधाकृष्णा, बिट्टू कुमार और युवराज सिंह भाग लेंगे। पलामू के जाने-माने स्केटिंग कोच चंदन कुमार के नेतृत्व में इन खिलाडियों को तैयार किया जा रहा है, ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल सहित जिले का नाम रोशन कर सके। मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियो को उनकी रुचि के अनुसार विकसित करता है। यह पलामू जिले के लिए गर्व की बात है की पिछड़ा जिला होने के वावजूद यहां के बच्चें स्केटिंग जैसे कठिन खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें।



## आधुनिक भारत के निर्माता और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे राजीव गांधी: बिट्टू पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस भवन के सभागार में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। साथ ही पौधारोपण कर नमन किया। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते देश को तरक्की के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया। 21वीं सदी में भारत को लेजाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं इसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाई। 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार देकर वे युवाओं के हृदय सम्राट बन गए। गांव को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया और शिक्षा का आधुनिकीकरण कर शिक्षा की गति को तेज किया। उन्होंने कहा कि स्व राजीव गांधी आम जनों के नेता थे। उन्होंने अपने दूरदर्शी चिंतन से देश को 21वीं सदी में ले जाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम किया। उनके दूरदर्शी चिंतन से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में नई दिशाओं की योजनाएं तैयार हुई। उन्होंने भारत को कंप्यूटर युग में प्रवेश कराया। आज जो आधुनिक भारत की बात करते हैं वह देने भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की देने हैं। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, विकारी राम, इंदु भगत, नफीस खान, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, सच्चिदानंद मिश्रा, अमुक प्रियदर्शी, विजय अग्रवाल, मिथिलेश कुमार सिंह, शेर खान, भूमिती नारायण पाठक, सागर दास, दयाशंकर तिवारी, मुकेश सिंह, दीवान शुक्ला, हर्ष साहनी, संतोष गुप्ता, जाहिद खान, रविंद्र कुमार, अनिल सिंह, मनोज चंद्रवंशी, साकेत सिंह, शैलेश मेहता, राम आशीष मेहता, मनोज अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, मनीष शर्मा, आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।




## 20 सूत्री की बैठक आज, कई मुद्दों पर बहस के आसार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नौडीहा बाजार/पलामू।** नौडीहा बाजार प्रखंड के सभागार में सोमवार को 20 सूत्री की बैठक होगी। रविवार को 20 सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने बताया कि सोमवार को होने वाली बैठक में कई ऐसे महत्वपूर्ण समस्या हैं जिससे लोग परेशान है उनसे संबंधित पदाधिकारी से समीक्षा की जाएगी। इसमें सबसे ज्यादा बालू की समस्या है जो लोग 3000 रुपए प्रति ट्रेक्टर खरीदने को मजबूर है। वो भी बहुत मुश्किल से मिल रहा है। जिससे कई विकास योजना प्रभावित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास पर ज्यादा असर पड़ रहा है। पेयजल की भी बहुत बड़ी समस्या है जिससे लोग जुझ रहे हैं। मीलो दूर से पानी लाकर प्यास बुझा रहे है, जिसकी समीक्षा पेयजल संबंधित पदाधिकारी से गंभीरता पूर्वक की जाएगी। पूर्व में 20 सूत्री के बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में बड़े पैमाने पर अनियमितता का प्रशन सदस्यों ने उठाया था जिस पर बाल विकास परियोजना विभाग में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका गीता चौरसिया ने सुधार लाने की कहीं थी, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

# स्पोर्ट्स



मुंबई के वानखेडे स्टेडिमय में खेले कए आइपीएल के 69वें लीग मैच में मुंई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से रहा दिया। इसके साथ ही प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद कायम रखी है, जबरि राजस्थान रॉयल्स बाहर हो गई।

### मुंबई ने 18 ओवर में चेज किये 201 रन, कैमरून ग्रीन का शतक, राजस्थान रॉयल्स आइपीएल से बाहर

# सनराइजर्स पर मुंबई की आठ विकेट से धमाकेदार जीत

**प्लेऑफ क्वालिफिकेशन के लिए आरसीबी-जीटी मैच का इंतजार**

**एजेंसी**

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 69वें लीग मैच में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही मुंबई ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है। वह अंक तालिका में शीर्ष चार में वापस आ गई है। मुंबई के 14 मैच में 16 अंक हो गए हैं। जबकि सनराइजर्स पर उसकी जीत ने राजस्थान रॉयल्स को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के ऊपर दबाव बढ़ा दिया है। मुंबई की टीम राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। अब आरसीबी के पास गुजरात के खिलाफ जीत के अलावा कोई विकल्प नहीं है। दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स के 14 मैच में 14 अंक ही हैं। वह इस बात का प्रार्थना कर रही थी कि सनराइजर्स के खिलाफ मुंबई हार जाए। अगर ऐसा होता तो फिर राजस्थान की उम्मीदें जिंदा रहती। उसका नेट रनरेट मुंबई से बेहतर है। राजस्थान को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए मुंबई के साथ-साथ आरसीबी की हार की भी दरकार थी, लेकिन मुंबई की जीत ने उसकी उम्मीदों को पहले ही समाप्त कर दिया। मुबई इंडियंस की टीम ने 201 रन का टारगेट 18 ओवर में ही चेज कर लिया। कैमरून ग्रीन ने आइपीएल करियर का पहला शतक लगाया। जबकि पहली पारी में आकाश मधवाल ने 4 विकेट लिए। बतातें चलें कि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एसआरएच ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 18 ओवर में दो विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



### मुंबई इंडियंस कैसे पहुंचेगी प्लेऑफ में

एसआरएच पर जीत के बाद 16 पॉइंट्स के साथ मुंबइ इंडियन नंबर-4 पर पहुंच गई। लेकिन उसे प्लेऑफ में क्वालिफाई करने के लिए लीग स्टेज के आखिरी मैच में आरसीबी की हार का इंतजार होगा। या फिर बारिश के कारण अगर मैच रद्द हो गया तो भी मुंबई क्वालिफाई कर जाएगी। हालांकि बेंगलुरु के जीतने पर मुंबई बाहर हो जाएगी।

### मधवाल की घातक गेंदबाजी

आकाश मधवाल ने पहली पारी में 4 विकेट लिए। उन्होंने डेथ ओवर्स में हेनरिक क्लासेन और हैरी ब्रूक को लगातार गेंदों पर बोल्ड किया। उनकी गेंदबाजी के कारण ही हैदराबाद की टीम 220 रन का आंकड़ा छू नहीं सकी।

### ग्रीन-रोहित की पार्टनरशिप

वहीं, 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई से ईशान किशन जल्दी आउट हो गए। उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और कैमरून ग्रीन ने 128 रन की पार्टनरशिप की। रोहित के आउट होने के बाद ग्रीन ने शतक लगाया और अपनी टीम को 18 ओवर में ही जीत दिला दी।

### ग्रीन ने लगाया सीजन का अपना 9वां शतक

कैमरून ग्रीन ने आइपीएल के इस सीजन का 9वां शतक लगाया। उनसे पहले बेंगलुरु के विराट कोहली, मुंबई के सूर्यकुमार यादव, पंजाब के प्रभसिमरन सिंह, हैदराबाद के हैरी ब्रूक और हेनरिक क्लासेन, राजस्थान के यशस्वी जायसवाल और कोलकाता के वेंकटेश अय्यर भी शतक लगा चुके हैं।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** एथेलेटिक्स एंड फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर की ओर से रविवार को जीएलए कालेज स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं फिजिकल क्वालिफाइड करने वाले सभी लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बालमुकुंद पाण्डेय, सिकंदर प्रजापति, सुनील यादव, प्रदीप मेहता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक मोनू कुमार एनआईएस कोच की ओर से किया गया। राष्ट्रीय पदक विजेताओं में आकांक्षा कुमारी 200 मी, हेमंत कुमार जैवलिन थ्रो, फिजिकल क्वालिफाइड में सुप्रिया कुमारी रेलवे ग्रुप डी दिल्ली पुलिस एसएससीजीडी, दिप्ती कुमारी रेलवे ग्रुप डी, एसएससीजीडी, शोभा कुमारी रेलवे ग्रुप डी, पूजा कुमारी एसएससीजीडी, अंकित उपाध्याय रेलवे ग्रुप डी, एसएससीजीडी, सिद्धार्थ मिश्रा रेलवे ग्रुप डी,एसएससीजीडी, अवनीश कुमार पासवान एसएससीजीडी, अमित पाण्डेय एसएससीजीडी, अभिषेक कुमार मेहता एसएससीजीडी, अंकित आरोन एसएससीजीडी, अरविंद कुमार यादव एसएससीजीडी, संभव पांडेय एसएससीजीडी, श्रवण यादव नेवी, इसमें आर्मी, नेवी, एयर फोर्स, स्टेट पुलिस, दरोगा, एसएससी जीडी रेलवे ग्रुप डी आदि का फिजिकल एवं एथलेटिक्स के सभी इवेंट्स का तैयारी कराया जाता है।



चुनाव की घड़ी धीरे-धीरे आगे आ रही है, अभी से ही तैयारियों में जुट जायें पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता : डॉ दिनेशानंद

# आम चुनाव को लेकर गोलबंद हो रहा विपक्ष पर जीत भाजपा की ही होगी : दीपक प्रकाश





पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा के नेता। बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं। लेकिन भाजपा 55 से 60 फीसदी वोट लेकर विपक्षी गोलबंदी को ध्वस्त करेगी। झारखंड की सभी 14 लोकसभा केंद्रों पर जीत दर्ज करेगी। वे रविवार को बोकारो के जैनामोड़ स्थित होटल आर्यन सभागार में जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरूआत की। जिसकी अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव और संचालन जयदेव राय ने किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण, महाजनसंपर्क अभियान एवं आजीवन सहयोग निधि पर मंथन किया गया। बैठक में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी, गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, पूर्व विधायक छत्रुराम महतो, योगेश्वर महतो बाटुल, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह और जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना गांव से लेकर शहर तक के लाभार्थी लाभावित हुए है। हर घर नल योजना, आयुष्मान भारत, मुफ्त वैक्सीनेशन, लाडली योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आवास, मुफ्त अनाज, महिलाओं के लिए कई योजना, युवाओं के लिए अग्निवीर के तहत स्वरोजगार योजना आदि कई महत्वपूर्ण योजना से लोगों को जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश ही नहीं, विदेशों में भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। आज शक्तिशाली देशों में भारत की गिनती हो रही। कई देश भारत से मदद लेते हैं। जी-20 में भारत की अध्यक्षता यह साबित करती है कि देश का वर्तमान व भविष्य किस दिशा में जा रही है।

वहीं, जनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव दस्तक दे रहा है। इसलिए 30 मई से 30 जून तक का समय एक-एक कार्यकर्ता को पार्टी के लिए देना होगा। इस कार्य में बूथ से प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता अभियान की सफलता के लिए घर-घर अभियान चलाएंगे। जबकि धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य हुए। सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 हटाना, कश्मीर में शांति बहाल, राम मंदिर निर्माण, नया सांसद भवन, वन रैंक वन पेंशन आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुए। जबकि चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि मोदी सरकार की हर योजना आज चंदनकियारी सहित सभी विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर उतरकर कई परिवारों को लाभ मिला। इस मौके पर ईश्वर प्रजापति, मुकुल ओझा, विनय सिंह, प्रह्लाद वर्णवाल, रोहितलाल सिंह, जगरनाथ राम, विनोद महतो, कुमार अमित, लक्ष्मण नायक, आरती राणा, संजय त्यागी, दिलीप श्रीवास्तव, अनिल स्वर्णकार, अर्चना सिंह, लीला देवी, जयनारायण मरांडी, दशरथ महतो, अशोक कुमार पप्पू, इंद्रा झा, माथुर मंडल, विनय आनंद, विश्वनाथ दत्ता, महेंद्र राय, अतानु चौधरी, धीरज झा, नीरज कुमार, धर्मेंद्र महथा, किसान मोर्चा महामंत्री अर्जुन सिंह, शंकर रजक, महिला मोर्चा प्रभारी, ऋतुरानी सिंह, अर्चना सिंह, मुकेश राय, रामलाल सोरेन, फटिक दास, बिनोद महतो, तारा साह, चितरंजन साहू सहित जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला मोर्चा के अध्यक्ष आदि शामिल थे।

## मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चंद्र झा के तालडांगा कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की 31वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष गैरुल हसन ने की। इस दौरान मौके पर उपस्थित नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उक्त कार्यक्रम में आरसीएमएस इंटक के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र झा ने स्व राजीव गांधी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालाते हुए दूर संचार के पुरोधा की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाने की बात कही। उनकी असमय मौत को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि इस स्थान को कभी भी भरा नहीं जा सकता है। इस मौके पर मो अमीरुल्लाह, वकील बाउरी, शशि भूषण तिवारी, हरदेव मंडल, नागेंद्र कुमार सिंह, गैरूल हसन, मंतोष यादव, निशिकांत मिश्रा, योगेश मिश्रा, महादेव मिश्रा, परमानंद सिंह, विनय सिंह, श्यामाकांत मिश्रा, भोला दास और बिरजू सिंह आदि उपस्थित थे।

## कतरास में मनी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष रंजित पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को कतरास पार्टी कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रधांजलि दी गयी। इस मौके पर जिला महासचिव माधो सिंह, विनोद शर्मा, जिला सचिव रोहित वाही, बीस सूत्री सदस्य जियाहुल हक, सुदेश दास, युवा नगर अध्यक्ष विकास सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश गुप्ता, राजाराम यादव, करमचंद बाउरी, मोहम्मद करीम, मोहम्मद कमरूद्दीन, अजय पासवान, योगेंद्र रजक, कमला कुमारी, निवाश राय, विनोद सिंह, कृष्णा राम, दिगंबर सिंह, राधेश्याम, कारू भुईयां, डॉ राम जी, मानिक दास, बृजेश पांडे, मुकेश पासवान, कमलेश पाठक और कुंदन भुइयां आदि उपस्थित थे।

## बोकारो में मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर बोकारो प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रविवार को बैठक हुई। एक पखवारे तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पादित किये जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी, ताकि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके।

### वादों के निष्पादन की एक अनूठी पहल है

बतातें चलें कि मन का मिलन पखवारा मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पाद की एक अनूठी पहल है, जो आम जनमानस के लिए काफी लाभकार एवं कल्याणकारी साबित होगी। इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाने के लिए सभी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है। मध्यस्थता में भाग लेने वाले दोनो पक्षकारों की बातें पूर्णतः गोपनीय रहती है, मध्यस्थता में भाग लेना पूर्णतः पक्षकारो की सहमति पर निर्भर है, दोनों पक्ष मिल कर विवाद का समाधान ढूंढते है और दोनो के समय, धन व व्यक्तिगत संबंधो की रक्षा होती है।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें सभी जदयू कार्यकर्ता : खीरू महतो

जदयू की धनबाद जिला स्तरीय बैठक में पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद



जदयू की जिलास्तरीय बैठक को संबोधित करते राज्यसभा सांसद खीरू महतो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की धनबाद जिला स्तरीय बैठक रविवार को रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सेवा सदन में हुई। जिसकी अध्यक्षता जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो और संचालन जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने किया। बैठक में जदयू के जिले भर से कार्यकर्ता शआमिल हुए थे। सभी ने एक सुर में पार्टी के मजबूत बनाने को लेकर चर्चा किया। साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद सहित पूरे प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। इस दौरान झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने संघठन को झारखंड में और मजबूती से कार्य करने की बात कही। साथ ही आगामी लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीट जीतने के लिए कमर कसकर कार्यकर्ताओं को मैदान में उतरने का आह्वान किया। वहीं, जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी के भविष्य के कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति बनायी है। बैठक का सिर्फ एक ही उद्देश्य है और वो पार्टी को झारखंड में और मजबूत बनाना, यहां की जन समस्याओं को उठाकर उनको धरातल पर उतरवाना है। इसके लिए सभी मिलकर काम करेंगें।

## मजदूरी नहीं मिली तो संयुक्त मोर्चा करेगी अनिश्चितकालीन चक्का जाम : पप्पू सहाय



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** सिजुआ बीसीसीएल क्षेत्र संख्या पांच के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुड़ी कोल डम्प से पिछले पांच माह से एक लाख 10 हजार 62 टन कोयल उठाव होने के बाद भी मजदूरों को उचित मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। इसे लेकर सिजुआ स्टेडियम में कोलियरी श्रमिक संघ के नेतृत्व में रविवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर शाखा सचिव पप्पू शहाय ने कहा कि जब यहां कोलडंप की शुरूआत हुई थी उस समय संयुक्त मोर्चा के तत्वधान में कमेटी बनाई गई थी। इसके माध्यम से कोलडंप का संचालन एवं मजदूरों को भुगतान की जिम्मेवारी मिली थी, लेकिन संयुक्त मोर्चा के कुछ दबंग लोगों ने इस पर अपना वर्चस्व कायम कर लिया है। आज डियो धारको द्वारा मजदूरों को मजदूरी के नाम पर मिलने वाली रकम का गबन कर लिया जा रहा है। कुछ चहेते मजदूरों को होली के समय 500-1000 रुपये की राशि दे दी गई, पर उसके बाद से आज तक मजदूरों का भुगतान नहीं हुआ। जब से कोल डंप चालू हुआ है आज तक लाखों टन कोयला का उठाव हो चुका, बावजूद इसके मजदूरों का भुगतान नहीं हो पाया है। अगर मजदूरों का उचित भुगतान नहीं होता है तो हम लोग छह जून से डंप को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे। इसकी जिसकी जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन की होगी। साथ ही प्रबंधन से मांग की गई की भुगतान बैंक के माध्यम से या कार्यस्थल पर ही हो। इस मौके पर विष्णु महतो, मुकेश गुप्ता, गुड्डु अंसारी, दिनेश पासवान, राहुल चौहान, प्रदीप हरि, हलीम अंसारी, पप्पू अंसारी, अंसारुल हक, अरमान मलिक, डब्ल्यू रवानी, शशी रवानी, दिलीप गोप, शहजादा अंसारी और छोटू रवानी आदि उपस्थित थे।

## ओवरमैन के एसीएम बनने पर इनमोसा ने समारोह आयोजित कर किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बांसजोड़ा कोलियरी में कार्यरत ओवरमैन दिलीप कुमार के एसीएम बनने पर रविवार को इनमोसा की ओर से बांसजोड़ा छह नंबर पीट में समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। दिलीप कुमार की पदोन्नती कर उनका स्थानांतरण इसीएल में कर दिया गया है। इस अवसर कोलियरी के माइनिंग सुपरवाइजरो द्वारा पुष्प गुच्छ देकर दिलीप कुमार का स्वागत किया गया। इनमोसा के सदस्यो द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कोलियरी के प्रबंधक सुनील कुमार दास ने कहा कि दिलीप कुमार एक कर्मठ व मेहनती व्यक्ति है। काम के प्रति उनका लगन हमेशा रहा है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई देता हूं। वहीं, ब्लास्टिंग ऑफिसर रंजीत कुमार, सहायक प्रबंधक दिनेश कुमार, विजय कुमार, शिरिश कुमार, चंदन कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, निमाई गोप, धर्मेंद्र पांडेय, अनुकरण कच्छप, गोपाल सिंह, सुरेश महतो, सीताराम प्रजापति, प्रवीण कुमार, एसके मित्रा, आबिद अंसारी, दीपक कुमार, शिशिर कुमार दत्ता, रॉबिंस कुमार, भीमसेन रवानी, राम राजभर, शंभु महतो, कल्याणी देवी, विशरखा देवी, चंद्रा देवी, हरि मांझी और चमरू भुइयां आदि ने भी बधाई दी।

## पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में कोयलांचल पत्रकार संघ का विरोध मार्च 23 को : प्रवीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पत्रकार प्रवीर महतो पर विगत दिनों गोली मारकर किए गए जानलेवा हमले के बाद से पत्रकारों में भारी आक्रोश है। वहीं, कोयलांचल पत्रकार संघ के केंद्रीय कार्यालय शालीमार में रविवार की शाम बैठक की गयी, जिसमें प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उग्र आंदोलन का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से 23 मई को शालीमार संगठन कार्यालय से सिंदरी डीएसपी कार्यालय तक पत्रकार आक्रोश मार्च निकाली जाएगी। इस दौरान सिंदरी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्यवाई की मांग की जाएगी। वहीं 24 मई से 26 मई तक तीन दिवसीय सिंदरी अनुमंडल के सभी थानों व ओपी पर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि 27 मई को धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बावजूद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष मुख्तार अहमद, कार्यकारी आदित्य सिंह, महामंत्री राहुल मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष समीम हुसैन, अनुशासन समिति अध्यक्ष सतीश सिन्हा, साधु सिन्हा, अहसान अंसारी, रामप्रवेश, हरेंद्र चौहान, शिवनाथ, कृष्णदीप, पवन गुप्ता, सीडी मिश्रा, अशोक कुमार निषाद, संजय पांडेय, गुलजार आलम, अरमान, जगत नारायण, राकेश सिंह, सद्दाम हुसैन, गोविंद खेत्रपाल, मनोज साव, अंजन सिन्हा, शाकिर हुसैन, सोनू अंसारी, गणेश तिवारी, शंकर झा आदि उपस्थित थे।

रैयतों के बुलावे पर सेंद्रा पहुंचे जयराम, कहा- बीसीसीएल प्रबंधन अंग्रेजों से भी खराब

## जर-जमीन हमर, राज दूसर के नाय चलतो : जयराम महतो





मदनाडीह शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते झारखंडी नेता जयराम महतो।


आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** जर जमीन हमनी के लागो राज करतो दुसर। उक्त बातें झारखंडी नेता जयराम महतो ने कही। वे रविवार को मदनाडीह शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे हैं। सेंद्र के रैयतो की ओर से जमीन की समस्या को लेकर जयराम महतो को यहां विशेष अनुग्रह पर बुलाया गया था। सभा के पूर्व रैयतो ने फूल माला पहनाकर जयराम महतो का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि यहां बीसीसीएल घर तोड़कर जमीन हथिया ले रही है। पर हमलोग किसी भी कीमत पर रैयतों की जमीन को बीसीसीएल अधिकारियों द्वारा हथियाने नहीं देंगे। सभी को एकजुटता के साथ लड़ाई लड़नी होगी, तभी अपना अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 353 धारा का मजाक बना रखा है। हक की लड़ाई लड़ने वालों पर भी धारा 353 लगा दिया जाता है। हम नियम से अपना हक मांगेंगें। फिर भी हक नहीं मिलेता तो लड़ कर लेंगें। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन पर जुबानी हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि बीसीसीएल प्रबंधन अंग्रेजो से भी खराब है। जब हमलोगों से मिलकर इस्ट इंडिया कंपनी को भगा दिया तो बीसीसीएल क्या चिज है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की अपेक्षा झारखंड में रैयतो के साथ कोल इंडिया की नीति अलग है। अब ये नहीं चलेगा। पहले बात करेंगे। नहीं माने तो चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए हमलोग अपनी जमीन देने के लिए तैयार है लेकिन जमीन के बदले नियोजन और मुआवजा भी देना होगा। नहीं तो एक्सन का रिएक्शन होगा। इस मौके पर दिलीप रवानी, कृष्णा मल्लाह, मिलन सिंह, रमेश रवानी, अजय महतो, मंटू महतो, रोहित रवानी, देबू रवानी, लखन रवानी, शुकुन देवी आदि उपस्थित थीं।

# जम्मू-कश्मीर में जैश का आतंकी गिरफ्तार

## सेना की खुफिया जानकारी पाक पहुंचा रहा था, विदेशी मेहमानों का गुलमर्ग दौरा रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** श्रीनगर में सोमवार से जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की मीटिंग होने वाली है। उससे पहले एनआइए ने रविवार को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ओवर ग्राउंड वर्कर मोहम्मद उबैद मलिक को गिरफ्तार किया है। इसके बाद विदेशी मेहमानों को गुलमर्ग ले जाने का प्रोग्राम कैंसल कर दिया गया है। एनआइए के मुताबिक, उबैद कुपवाड़ा का रहने वाला है। वह पाकिस्तान में बैठे जैश कमांडर से लगातार संपर्क में था। जांच में सामने आया है कि वह पाकिस्तानी कमांडर को सीक्रेट इन्फॉर्मेशन के अलावा सुरक्षाबलों के मूवमेंट की जानकारी भेज रहा था। जी-20 की बैठक शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 22 मई से 24 मई तक होनी है। जी-20 की तैयारियों के बीच कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। श्रीनगर में कन्वेंशन सेंटर और आस पास के क्षेत्र में एनएसजी और मरीन कमांडो 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

**मीटिंग से पहले आतंकी हमले का इनपुट :** सूत्रों से इनपुट मिले हैं कि आतंकवादी श्रीनगर में जी20 कार्यक्रम खलल डालने के लिए कुछ बड़े हमलों को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं। राजौरी और पुंछ में हाल के हमलों जैसी घटना को रोकने के लिए सेना अपनी रणनीति में बदलाव कर रही है। इस क्षेत्र में बीते दिनों दो अलग-अलग हमलों में विशेष बल के पांच कमांडो सहित सेना के दस जवान शहीद हो गए थे।

**बैठक से पहले अलगाववादी हिरासत में :** जी20 बैठक से पहले, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में संदिग्धों और अलगाववादियों को हिरासत में लिया गया है। कुछ को अरेस्ट भी किया गया है। उधर, जी20 विरोधी प्रचार के तहत कश्मीर में बड़ी संख्या में लोगों को ब्रिटिश फोन नंबरों से बार-बार कॉल की जा रही हैं। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और ऐसे संदिग्ध कॉल का जवाब नहीं देने को कहा है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के ओरखर, झंगरुडीह और ढाकोसारण आदि गांवों का दौरा रविवार को किया। इस दौरान विभिन जगहों में यज्ञ, शादी समारोह आदि में भाग लिया। भ्रमण के बाद बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली भाजपा सरकार नौ वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ताओं को हर व्यक्ति तक उनकी उपलब्धियां पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित ननौ वर्ष पूरे हो गये। इस अवधि में गरीब के लिए पक्का घर, शुद्ध पेयजल और राशन उपलब्ध सुनिश्चित हुआ। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। अब इस सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जुटना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूत हुआ है। मौके पर युवा नेता उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, श्याम कुमार, आरती देवी, मिना देवी, परमानंद राय, शिव कुमार पंडा, संतोष पंडा, भगीरथ रजक, बढ़न रजक, सुरेश सिंह रोहित रजक आदि लोग मौजूद थे।

# डिजिटल क्रांति : डिजिटल लेनदेन के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन

## पिछले नौ वर्षों में डिजिटल लेनदेन में 100 गुना से अधिक वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेनदेन का विस्तार करने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अनिवार्य पहलू है और इसका उद्देश्य दक्षता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के परिणामस्वरूप लाभों के साथ अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाना है। पिछले नौ वर्षों के दौरान, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या 2013-14 में 127 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 12,735 करोड़ हो गयी है (23 मार्च, 2022 तक), जो 100 गुना से अधिक बढ़ोतरी है।

पिछले नौ वर्षों के दौरान भारत में डिजिटल भुगतान लेनदेन में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गयी है। डिजिटल भुगतान के आसान और सुविधाजनक तरीके, जैसे कि भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआइ), तत्काल भुगतान सेवा (आइएमपीएस), प्रीपेड भुगतान उपकरण (पीपीआइ) और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनइटीसी) प्रणाली ने पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है और डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को बदल दिया है। यूपीआइ नागरिकों के पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है और इसने अप्रैल 2023 में, 14.15 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के साथ 886.3 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किये हैं। भारत में डिजिटल लेनदेन में वृद्धि ने अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कई लाभ प्रदान किये हैं। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है, सरकारी प्रणालियों में पारदर्शिता बढ़ाता है, नवाचार को बढ़ावा देता है, और सूचित निर्णय लेने के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करता है। डिजिटल लेनदेन अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता और सतत विकास में योगदान देता है।




# नये सदस्यों का शपथ ग्रहण आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सोमवार को मंत्रिमंडल के नये सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। मुख्य शासन सचिव की ओर से सूची जारी कर दी गयी है। खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद के नये सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को सुबह 9:50 बजे होगा। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल लोक सेवा भवन के सम्मेलन कक्ष में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि नवीन की नयी टीम में नया चेहरा कौन होगा। नब दास के निधन के बाद स्वास्थ्य मंत्री का पद खाली पड़ा है। हाल ही में स्कूल और गण शिक्षा मंत्री के रूप में समीर दास और श्रम मंत्री के रूप में श्रीकांत साहू ने अपने पदों से इस्तीफा दे चुके है। 3 नये मंत्री होंगे, क्योंकि 3 मंत्री पद खाली पड़ा हैं। इसी तरह विक्रम केशरी आरुख ने वाचस्पति (अध्यक्ष) पद से इस्तीफे के बाद चर्चा है कि नया अध्यक्ष कौन होगा।

# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दी स्थायी पुलिस चयन बोर्ड के प्रस्ताव को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में एक स्थायी पुलिस चयन बोर्ड या पुलिस भर्ती बोर्ड बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें अध्यक्ष सहित दो सदस्य रहेंगे। इसके अलावा बोर्ड कार्यालय के प्रबंधन के लिए 24 प्रशासनिक एवं अन्य पद भी सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। इस बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में एक विशेष डीजी या अतिरिक्त डीजी रैंक के एक अधिकारी को नियुक्त किया जायेगा। दो सदस्यों में से एक एडिशनल डीजी या आईजी रैंक का अधिकारी रहेंगे और दूसरा डीआइजी या एसपी रैंक में रहेंगे। यह बोर्ड पुलिस विभाग में कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर और मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की भर्ती के लिए बोर्ड संपादन करेगा। इस स्थाई बोर्ड के गठन से पुलिस विभाग की भर्ती प्रक्रिया सुचारू होगी।










# वंदे भारत ट्रेन जाजपुर बैतरणी रोड के पास रुकी



**भुवनेश्वर भद्रक।** बंदे भारत ट्रेन बीच रास्ते में ही रुक गयी। यात्रियों को ले कर जाते समये ट्रेन बैतरणी रोड के पास रुक गया। बताया गया है कि इंजन को बिजली लाइन से जोड़ने वाले उपकरण में खराबी के कारण ट्रेन आधे रास्ते में ही रुक गयी। शाम 4.30 बजे बैतरणी रोड के पुल पर ट्रेन फंसी रहने के कारण ट्रेन को चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे के और बताया गया है कि काल बैसाखी के कारण और भारी बारिश के कारण ओभरहेड तार पर पेड़ गिरने से बिजली सप्लाई बंद हो गयी है।

# बेंगलुरु में भारी बारिश से उखड़े पेड़

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार की दोपहर भारी बारिश हुई। बारिश के बदले मिजाज ने मुसीबत खड़ी कर दी है। भारी बारिश के कारण शहर के कई पेड़ उखड़ गए हैं। बेंगलुरु के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। इसके साथ ही भीषण बारिश के बाद बेंगलुरु के कई हिस्सों में गंभीर जलभराव देखा जा है। कर्नाटक, बेंगलुरु के विद्यारण्यपुरा में भारी बारिश के बाद शहर में एक पुरानी बहुमंजिला इमारत धराशायी हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कर्नाटक के सीएम सिद्दरमैया ने बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया है। साथ ही सीएम ने शहर के केआर सर्कल इलाके में जलभराव वाले अंडरपास में डूबने से मरने वाली 23 वर्षीय महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**